रोहतक
बुधवार, 23 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 82
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 42.1
न्यून. 22.2

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 79,595.59 | 187.09 ▲ |
| निफ्टी | 24,167.25 | 41.70 ▲ |

| धातु | कीमत | ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,01,600 /- | 1800/- ▲ |
| चांदी | 98,500/- | --- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.19 | 4 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 67.33/ बैरल | | 1.61% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# पहलगाम में आतंकी हमला, 26 की मौत, इनमें ज्यादातर पर्यटक

## टीआरएफ ने ली जिम्मेदारी
## हमलावरों ने नाम और मजहब पूछकर मारी गोली, 20 घायल

## दोपहर बाद 3 बजे बैसरन घाटी में वारदात, मरने वालों में एक कर्नाटक का कारोबारी

भाषा ▶▶| श्रीनगर

कश्मीर के पहलगाम के पास 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार अपराह्न 3 बजे में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में ज्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 में पुलवामा में हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि 26 मृतकों में दो विदेशी (यूएई और नेपाल से) और दो स्थानीय निवासी शामिल हैं। पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन चीड़ के पेड़ों के घने जंगलों और पर्वतों से घिरा एक विशाल घास का मैदान है तथा देश व दुनिया के पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थान है। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हथियारबंद आतंकवादी इस पर्यटन स्थल पर पहुंचे और भोजनालयों के आसपास घूम रहे, खच्चर की सवारी कर रहे, पिकनिक मना रहे पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। हमले में 20 लोग घायल है। पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के छद्म संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। कुछ लोगों का कहना है कि हमलावरों की संख्या पांच थी। सुरक्षाबलों ने पहलगाम में हमले वाले इलाके को घेर लिया है। हेलीकॉप्टर के जरिए इलाके पर नजर रखी जा रही है। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

*(पैकेज पेज 7 पर)*

**अमरनाथ यात्रा से पहले बड़ा आतंकी हमला :** मरने वालों में दो विदेशी एक नेपाल और एक यूएई के पर्यटक और 2 स्थानीय नागरिक शामिल हैं। बाकी हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि आतंकी सेना की वर्दी पहनकर आए थे और पर्यटकों से परिचय-पत्र मांगना शुरू कर दिया। इसके बाद जो भी पर्यटक हिंदू थे, उन्हें गोलियां मार दी। इसके बाद हमलावर पहाड़ियों की ओर भाग गए। हमले वाले इलाके को सेना ने घेर लिया है, हेलीकॉप्टर से निगरानी रखी जा रही है। वहीं, दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और उत्तराखंड में हाईअलर्ट जारी किया गया है।

### पहाड़ से नीचे उतरे आतंकी, फायरिंग

- यह हमला अपराह्न 3 बजे हुआ, जब आतंकवादी बैसरन घाटी में पहाड़ से नीचे उतरे व पर्यटकों पर गोलीबारी की।
- इस स्थान को लंबे हरे-भरे घास के मैदानों के कारण 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहा जाता है।
- श्रीनगर में लोगों ने मोमबत्ती जलाकर प्रदर्शन किया।
- पहलगाम में हिंदुओं की हत्या के विरोध में हिंदू संगठनों ने रोष रैली निकाली।
- बुधवार को रियासी पूरी तरह से बंद रखने और चक्का जाम करने की घोषणा हुई है।





### मेरे पति के सिर में गोली मारी

हमले के समय घटनास्थल पर रही एक महिला ने बताया, "मेरे पति को सिर में गोली लगी है, जबकि 7 अन्य लोग हमले में घायल हैं। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, आतंकवादी बैसरन के आसपास के घने जंगल से निकले थे। सेना, सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस बैसरन घास के मैदानों में पहुंच गई। हमलावरों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर आतंकवाद रोधी अभियान शुरू किया गया है।



### मृतकों की संख्या पता कर रहे

सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मृतकों की संख्या पता लगाई जा रही है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, यह हमला हाल के वर्षों में आम लोगों पर हुए किसी भी हमले से कहीं बड़ा है। मैं अविश्वसनीय रूप से स्तब्ध हूं। हमारे आगंतुकों पर यह हमला घृणित है। इस हमले के अपराधी जानवर, अमानवीय हैं और घृणा के लायक हैं। इसकी निंदा के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

### यूएस राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने जताया शोक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कश्मीर में हुए आतंकी हमले पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अमेरिका आतंक के खिलाफ भारत के साथ मजबूत से खड़ा है। पीएम मोदी और भारत के लोगों को हमारा पूरा समर्थन है। वहीं, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ट्वीट करते हुए लिखा कि उषा और मैं भारत के पहलगाम में हुए दर्दनाक आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।



### सऊदी अरब की यात्रा बीच में छोड़ वापस लौटे पीएम मोदी

पीएम नरेन्द्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए 'एक्स' पर कहा, 'आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है तथा यह और भी मजबूत होगा।' मोदी ने हमले में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। मोदी ने सऊदी अरब की अपनी दो दिवसीय यात्रा को बीच में ही समाप्त करके स्वदेश लौटने का फैसला किया। मोदी ने सऊदी अरब द्वारा आयोजित रात्रिभोज में भाग नहीं लिया। देर रात पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की और हमले की जानकारी दी।

## हमले के बाद शाह ने श्रीनगर पहुंचकर की हाईलेवल मीटिंग

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के बाद कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने श्रीनगर पहुंचे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शाह, पर्यटकों पर हुए हमले के कुछ घंटे बाद श्रीनगर पहुंचे और हवाई अड्डे से सीधे राजभवन पहुंचे। जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक नलिन प्रभात ने गृह मंत्री के आगमन पर उन्हें घटना की जानकारी दी। इस दौरान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सीएम उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका मौजूद थे। शाह ने सुरक्षा अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता भी की। गृह मंत्री बुधवार को पहलगाम का दौरा कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शाह से बात की और उन्हें केंद्र शासित प्रदेश का दौरा करने को कहा, जिसके तुरंत बाद वह जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना हो गए।



## हरियाणा के नेवी अफसर ले. विनय की मौत

पहलगाम आतंकी हमले में हरियाणा में करनाल के रहने वाले नौसेना के एक अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल (26) की मौत हो गई। नरवाल की 16 अप्रैल को शादी हुई थी। वे कश्मीर में हनीमून मनाने गए थे। बताया जा रहा है कि विनय कोच्चि में तैनात थे। जब आतंकियों ने हमला बोला तो उसमें विनय नरवाल को भी गोली लगी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। जहां उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। हमले में उनकी पत्नी सुरक्षित हैं। विनय नरवाल राजेश सिंह नरवाल के पुत्र थे। परिवार के लोगों ने विनय की धूमधाम से शादी की थी। आतंकवादियों ने नेवी ऑफिसर की छाती, गर्दन और बांह में गोली मारी।

### सीएम सैनी ने जताया शोक

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पहलगाम के आतंकी हमले पर दुःख व्यक्त किया है। सैनी ने एक्स पर लिखा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

## पुलवामा के बाद सबसे बड़ा हमला

जम्मू-कश्मीर में 2019 के पुलवामा अटैक के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला हुआ है। पुलवामा में आत्मघाती हमले में सीआरपीएफ के 47 जवान मारे गए थे। अब पहलगाम में आतंकवादियों ने टूरिस्टों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। आतंकवादियों की संख्या तीन से चार बताई जा रही है जो सेना और पुलिस जैसी वर्दी में थे। सभी के पास एके-47 और अन्य हथियार थे। अधिकारियों ने बताया कि हमले के तुरंत बाद पूरे जम्मू-कश्मीर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

*उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचेंद्र कुमार दिल्ली से श्रीनगर पहुंचे। उन्हें स्थानीय कमांडरों द्वारा कश्मीर घाटी में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी जाएगी। वे एक कॉन्फ्रेंस के लिए नई दिल्ली में थे।*

*अनंतनाग पुलिस ने पर्यटकों के लिए इमरजेंसी हेल्प डेस्क स्थापित की है। दो हेल्पलाइन नंबर 9596777669 और 01932225870 जारी किए हैं। इसके अलावा व्हाट्सएप नंबर 9419051940 जारी किया गया है।*

---

**आंगनवाड़ी वर्करों के 2549 और हेल्परों के 4439 पद भरे जाएंगे**

## प्रदेश में जल्द होगी 7000 पदों पर भर्ती, सीएम सैनी ने दी मंजूरी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश में आंगनवाड़ी वर्कर और सहायिका के खाली पड़े 7,005 पदों को भरने की मंजूरी सीएम नायब सिंह सैनी ने दे दी है। आंगनवाड़ी वर्करों के 2,549 और हेल्परों के 4,439 पद खाली हैं। सरकार की ओर से इस संबंध में विज्ञापन जारी कर दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने भी भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। विधानसभा में बजट सत्र के दौरान भी यह मामला कांग्रेस विधायक पूजा चौधरी ने उठाया था। इसके जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने खाली पदों को जल्द भरने का आश्वासन दिया था। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार गत एक दशक से अधिक अनुभव वाली आंगनवाड़ी वर्करों को वर्तमान में 14,750 मानदेय दिया जा रहा है। 10 साल से कम अनुभव वाली आंगनवाड़ी वर्कर को 13,250 मानदेय मिलता है। सहायकों को 7900 मानदेय दिया जा रहा है।



### जिलेवार खाली पद

अंबाला में 129 वर्कर, 225 हेल्पर, 15 सुपरवाइजर, भिवानी में 119 वर्कर, 195 हेल्पर, च. दादरी में 58 वर्कर, 105 हेल्पर, फरीदाबाद में 83 वर्कर, 183 हेल्पर, 11 सुपरवाइजर के पद रिक्त हैं। फतेहाबाद में 106 वर्कर, 169 हेल्पर, 1 सुपरवाइजर, गुरुग्राम में 90 वर्कर, 136 हेल्पर, हिसार में 127 वर्कर, 248 हेल्पर, जींद में 130 वर्कर, 265 हेल्पर, झज्जर में 157 वर्कर, 213 हेल्पर, कैथल में 71 वर्कर, 255 हेल्पर, 1 सुपरवाइजर, कुरुक्षेत्र में 67 वर्कर, 160 हेल्पर, 1 सुपरवाइजर, करनाल में 124 वर्कर, 235 हेल्पर, 1 सुपरवाइजर, मेवात में 150 वर्कर, 170 हेल्पर, 22 सुपरवाइजर, नारनौल में 124 वर्कर, 217 हेल्पर, पंचकूला में 56 वर्कर, 106 हेल्पर, पानीपत में 52 वर्कर, 128 हेल्पर, पलवल में 129 वर्कर, 205 हेल्पर और 32 सुपरवाइजर, रोहतक में 151 वर्कर, 189 हेल्पर, रेवाड़ी में 123 वर्कर, 256 हेल्पर, सिरसा में 175 वर्कर, 255 सहायक और 13 सुपरवाइजर, सोनीपत में 225 वर्कर, 360 हेल्पर व यमुनानगर में 103 वर्कर, 164 हेल्पर व 20 सुपरवाइजर के पद खाली हैं।

### लखटकिया हुआ सोना 1,800 रुपये की तेजी

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमत 1,800 रुपये की तेजी के साथ एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गई। अक्षय तृतीया और शादी-विवाह के सीजन में मांग बढ़ने की उम्मीद के चलते कीमती धातु को समर्थन मिला। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को है, जिसे सोना खरीदने के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है। शादी का सीजन मई के अंत तक जारी रहेगा। इस बीच, मंगलवार को चांदी की कीमतें 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं।

## पीएम मोदी का अनोखा स्वागत, रॉयल सऊदी एअरफोर्स के एफ-15 विमानों ने किया एस्कॉर्ट

भाषा ▶▶| जेद्दा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को सऊदी अरब की दो-दिवसीय यात्रा पर जेद्दा पहुंचे, जहां वह दोनों देशों के बीच मित्रता को और मजबूत करने के लिए युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ वार्ता करेंगे। शाह अब्दुलअजीज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर मोदी का स्वागत मक्का क्षेत्र के उप-गवर्नर राजकुमार सऊद बिन मिशाल बिन अब्दुलअजीज और वाणिज्य मंत्री डॉ. माजिद अल-कस्साबी ने किया। यह प्रधानमंत्री की सऊदी अरब की तीसरी तथा ऐतिहासिक तटीय शहर जेद्दा की पहली यात्रा है। 'रॉयल सऊदी एअरफोर्स' के एफ-15 लड़ाकू विमानों ने एक विशेष सम्मान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विमान को सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा प्रदान की। इस कदम को दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है।

दो दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब पहुंचे प्रधानमंत्री, 21 तोपों की सलामी दी गई



### हो सकते हैं छह समझौते

भारत और सऊदी अरब मंगलवार को मोदी की जेद्दा यात्रा के दौरान कम से कम छह समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेंगे। उच्च पदस्थ सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि मोदी शाम को सऊदी अरब के युवराज और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद के साथ अपनी बैठक के दौरान भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए हज कोटा सहित संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। दोनों पक्षों द्वारा अंतरिक्ष, ऊर्जा, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं वैज्ञानिक अनुसंधान, संस्कृति और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है।

**भारतीय समुदाय के लोगों ने स्वागत किया :** रिट्ज-कार्लटन होटल पहुंचने पर मोदी का भारतीय समुदाय के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सऊदी गायक हाशिम अब्बास ने मोदी के स्वागत में एक लोकप्रिय हिंदी फिल्मी गीत गाया। मोदी ने होटल में उनका स्वागत करने के लिए एकत्र हुए भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत की।

---

**संघ लोकसेवा आयोग का परिणाम घोषित**
**शक्ति दुबे देश में टॉपर टॉप 5 में 3 बेटियां**

## यूपीएससी में छाए हरियाणवी, 23 युवाओं ने परीक्षा पास की, हिसार की हर्षिता गोयल देश में दूसरे और झज्जर के आदित्य 9वें स्थान पर

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा/नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा मंगलवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2024 के परिणाम में शक्ति दुबे ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। वहीं, हरियाणा की हर्षिता गोयल को दूसरी और डोंगरे अर्चित पराग को तृतीय रैंक मिली है। यूपीएससी में हरियाणा के युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रदेश करीब 23 युवाओं ने परीक्षा पास की है। टॉप-10 में हरियाणा के दो युवा शामिल हैं। हिसार में जन्मी हर्षिता गोयल ऑल इंडिया में सेकेंड टॉपर हैं, तो वहीं, झज्जर के आदित्य विक्रम अग्रवाल ने 9वीं रैंक हासिल की है। पानीपत की शिवानी पांचाल ने 53वीं रैंक हासिल की है। वह अंडर ट्रेनी एचसीएस हैं। कैथल की ब्लॉक डेवलपमेंट एंड पंचायत अधिकारी (बीपीओ) ने भी एग्जाम पास किया है। इसके अलावा हलवाई के बेटे को भी सफलता मिली है। एग्जाम क्रैक करने वालों में किसी को दूसरे तो किसी को छठे प्रयास में सफलता मिली है। इनमें कई ऐसे हैं, जिन्होंने जॉब के साथ यूपीएससी की परीक्षा पास की। वहीं, शीर्ष रैंक प्राप्त करने वाली दुबे ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बायोकेमिस्ट्री में स्नातक (विज्ञान स्नातक) किया है। आयोग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि दुबे ने राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की।



**शक्ति दुबे**
रैंक : 01, स्थान : प्रयागराज

### प्रदेश से इन होनहारों को कामयाबी


हर्षिता गोयल, रैंक : 02, हिसार


आदित्य, रैंक : 09, झज्जर


डॉ. श्रेयक गर्ग, रैंक : 35, सोनीपत


शिवानी पांचाल, रैंक : 53, पानीपत


आकाश गोयल, रैंक : 117, जींद


अभिलाष, रैंक : 129, झज्जर


ध्वनि, रैंक : 215, हिसार


रजत शर्मा, रैंक : 236, सिरसा


कनिष्क, रैंक : 279, फरीदाबाद


एकांश ढुल, रैंक : 295, पंचकूला


स्वाति फौगाट, रैंक : 306, च. दादरी


अंकिता, रैंक : 337, महेंद्रगढ़


यश मलिक, रैंक : 369, सिरसा


समिता पूंजा, रैंक : 687, कैथल


आदित्य यादव, रैंक : 492, महेंद्रगढ़


इंदु बाला, रैंक : 541, रोहतक


अजय, रैंक : 895, फतेहाबाद


अजय, रैंक : 940, जींद

**ये भी चमके**

- सिमरन, रैंक : 66, सफीदों
- निधि, रैंक : 978, सोनीपत
- कल्पना रावत, रैंक : 76, सोनीपत
- जोगेंद्र सिहाग, रैंक : 521, सिरसा
- अंकित कुमार, रैंक : 782, रेवाड़ी

### हर साल तीन चरणों में परीक्षा

यूपीएससी द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों का चयन करने के लिए प्रतिवर्ष तीन चरणों-प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार-में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित की जाती है। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2024, पिछले साल 16 जून को आयोजित की गई थी।

### 180 बनेंगे आईएएस

आयोग द्वारा जारी बयान के अनुसार, कुल सफल उम्मीदवारों में से 335 सामान्य वर्ग से, 109 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से, 318 अन्य पिछड़ा वर्ग से, 160 अनुसूचित जाति से और 87 अनुसूचित जनजाति से हैं। सरकार ने 1,129 रिक्तियों की सूचना दी है, जिनमें आईएएस में 180, आईएफएस में 55, आईपीएस में 147, विभिन्न केंद्रीय ग्रुप ए सेवाओं में 605 पद और ग्रुप बी सेवाओं में 142 पद सिविल सेवा परीक्षा 2024 के माध्यम से भरे जाने हैं।

**टॉप-5 में ये शामिल**

| शक्ति दुबे | हर्षिता गोयल | डोंगरे अर्चित पराग | शाह मार्गी चिराग | आकाश गर्ग |
|---|---|---|---|---|
| रैंक : 01 | रैंक : 02 | रैंक : 03 | रैंक : 04 | रैंक : 05 |

**कुल 1009 उम्मीदवारों के नाम मेरिट लिस्ट में शामिल, टॉप 25 में 11 महिलाएं और 14 पुरुष**

## खबर संक्षेप



### महेश जोशी ने संभाला हरियाणा रेडक्रास के राज्य महासचिव का पदभार

**चंडीगढ़।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा शाखा राज्य महासचिव के पद नवनियुक्त महेश जोशी ने मंगलवार को रेडक्रास मुख्यालय में कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद राज्य महासचिव ने स्टाफ के साथ बैठक की और रेडक्रास की गतिविधियों के क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। इसके बाद महेश जोशी ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन में मुलाकात की और नियुक्ति के लिए आभार जताया। महेश जोशी ने कहा कि रेडक्रास के साथ समाज के हर वर्ग को जोड़कर मानव सेवा के ध्येय को आगे बढ़ाने का लक्ष्य है।

### 23 अप्रैल को निकायों में प्रदर्शन की तैयारी

**चंडीगढ़।** नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा एसएमडब्ल्यू पोर्टल पर हाजिरी लगाने के विरोध में कल 23 अप्रैल को सभी निकायों में प्रदर्शन की तैयारी कर ली गई है। पालिकाओ, परिषद और निगमों में प्रदर्शन करते हुए निगम आयुक्त, पालिका, परिषद आयुक्त, कार्यकारी अधिकारी और पालिका सचिवों के माध्यम से शहरी स्थानीय निकाय निदेशक के नाम ज्ञापन देगा। संघ ने चेतावनी देते हुए कहा है, की 24 अप्रैल के बाद कोई भी पालिका, परिषद और निगम कर्मचारी नहीं लगाएगा पोर्टल पर हाजिरी।

### डीएचबीवीएन को 5 हजार मुआवज़ा देने के निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में बिजली विभाग की खामियों के चलते शिकायतकर्ता को 5 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। गुरुग्राम निवासी भरत यादव, ने आयोग में यह शिकायत दर्ज करवाई थी कि उन्होंने दिनांक 1 जनवरी 2025 को घरेलू उपयोग के लिए 2 किलोवाट का नया बिजली कनेक्शन लेने हेतु आवेदन किया था, किंतु उन्हें लंबे समय तक कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़े। उन्हें कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया और अंततः कई महीनों के बाद अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किया।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का फैसला, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल की बाध्यता नहीं

# जिन गांवों में चकबंदी नहीं हुई, उनकी फसलें पोर्टल की बजाय ऑफलाइन खरीदी जाएंगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी ने किसान हित में एक और बड़ा फैसला लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अब तक जिन गांवों में चकबंदी नहीं हुई है, उन गांवों के किसानों की फसल मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल की बजाय ऑफलाइन माध्यम से खरीदी जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज यहां खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री श्री राजेश नागर भी उपस्थित रहे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। हमारी सरकार लगातार किसानों के हित में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिन गांवों में चकबंदी नहीं हुई है, उन गांवों का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर डाटा न होने के चलते वहां के किसानों को फसल बेचने में परेशानी हो रही थी। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक राजेश जोगपाल आदि मौजद रहे।

### खेल विभाग के अधिकारियों को भी दिए निर्देश



#### खेल नर्सरियों का औचक निरीक्षण करें

*खिलाड़ियों के लिए कैश अवाड्र्स और स्कॉलरशिप प्रबंधन प्रणाली के लिए पोर्टल भी लांच किया*

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के खेल स्टेडियम और खेल नर्सरियों में आने वाले खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिले, इसके लिए विभाग विशेष योजना बनाएं। इसके अलावा प्रदेश में विशेष उत्कृष्ट खेलों पर फोकस करते हुए एक्सीलेंस सेंटर भी बनाए जाएं। साथ ही प्रदेश के खिलाड़ियों को यूनिक आईडी अलॉट की जाएं। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश सचिवालय में सोमवार देर सांय खेल विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक के दौरान प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम भी मौजूद थे। इस दौरान प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए कैश अवाड्र्स और स्कॉलरशिप प्रबंधन प्रणाली के लिए पोर्टल भी लांच किया गया। जिसके जरिये खेल विभाग से मिलने वाली स्कॉलरशिप तथा कैश अवाड्र्स के लिए आवेदन किया जा सकेगा। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय समय पर स्टेडियम, नर्सरियों इत्यादि का औचक निरीक्षण भी किया जाएं।

**पलवल के लिए खास योजना बनाई**

*बैठक में पलवल में भी 100 एकड़ भूमि पर एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल परिसर के निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई। जिसमें क्रिकेट स्टेडियम, बहुउद्देश्यीय हॉल, बैडमिंटन हॉल, बॉक्सिंग हॉल, एथलैट्स मैदान, फिटनैस एवं रहैब सेंटर, होटल एवं रैस्टोरेंट के साथ 35 से 50 हजार दर्शकों के बैठने की सुविधा होगी।*

### एचईपीबी की 17वीं बैठक में कई निर्णय

## मेडिकल लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट बनाने के लिए 37.68 करोड़ स्वीकृत

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए जिला झज्जर में हरियाणा का पहला मेडिकल लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट तथा जिला अंबाला में कैप्टिव सोलर पावर प्लांट की स्थापना के लिए मेसर्स वायु प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को 37 करोड़ 68 लाख रुपये के विशेष प्रोत्साहन पैकेज को स्वीकृति प्रदान की है। आज यहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड (एचईपीबी) की 17वीं बैठक के दौरान यह स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में कार्यकारी अधिकार प्राप्त समिति (ईईसी) की सिफारिश के आधार पर एचईपीबी द्वारा अनुमोदित किया गया है। बैठक में उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, रणबीर गंगवा और सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे।



#### 6,700 से अधिक को रोजगार का अवसर

बोर्ड ने मेसर्स एटीएल बैटरी टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के लिए निवेश समयसीमा को तीन साल से आगे बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की। यह कंपनी हरियाणा के नूंह जिले के आईएमटी सोहना में लिथियम-आयन सेल/बैटरी के निर्माण के लिए एक मेगा परियोजना स्थापित कर रही है, जिसमें दो चरणों में कुल 7,083 करोड़ का निवेश किया जाएगा। परियोजना के तहत प्रथम चरण में 3,595 करोड़ रुपये और दूसरे चरण में 3,488 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे 6,700 से अधिक स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## हाईकोर्ट ने जारी किए जजों के तबादले और नियुक्ति के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

■ 16 जजों को पदोन्नत कर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश बनाया

हाईकोर्ट ने जारी किए हरियाणा के जजों के तबादला नियुक्ति आदेश जारी-9 जिला जजों, 47 अतिरिक्त जिला जजों का तबादला-16 को पदोन्नति देकर बनाया अतिरिक्त जिला जज पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीशों व अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के तबादला नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। साथ ही 16 जजों को पदोन्नत कर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश बनाकर उनका तबादला आदेश जारी किया है। सोनीपत के जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल का पलवल, गुरुग्राम के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष महला का कैथल, पलवल के जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीष जिंदल का सिरसा, कुरुक्षेत्र की जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी का हिसार, हिसार के जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल का कुरुक्षेत्र, चंडीगढ़ ज्यूडिशियल अकेडमी के डायरेक्टर अजय कुमार शारदा का करनाल में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के तौर पर, सिरसा की जिला एवं सत्र न्यायाधीश विन्नी गोपाल शर्मा का सोनीपत तथा रितु वाईके शर्मा का कैथल से चंडीगढ़ ज्यूडिशियल अकेडमी में निदेशक के तौर पर तबादला किया गया है। इसके अलावा 47 अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों का तबादला किया गया है और 16 को पदोन्नत कर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्याधीश के रूप में नई पोस्टिंग दी गई है।

## टीम का खुलासा : प्रदेश की 42 अनाज मंडियों में गेहूं तोल में हुआ गोलमाल

**चंडीगढ़।** मंडियों में तोल में हेराफेरी के मामले बड़ी संख्या में सामने आए हैं। गेहूं के सीजन के चलते मंडियों में फर्जीवाड़ा और तोल में गोलमाल किया जा रहा है। पिछले पांच दिनों से सीआईडी और सीएम फ्लाइंग की टीमों ने कर राज्य की 42 अनाज मंडियों में गेहूं तोल के मामले पकड़े हैं। सीएम फ्लाइंग टीमों ने कुरुक्षेत्र, करनाल, नूंह, रेवाड़ी, दादरी, अंबाला, पंचकूला और यमुनानगर जिलों की जांच की। इन जगहों पर 62 दुकानों पर आढ़तियों को करीब 45 लाख जुर्माना किया है। सरकार के पास लगातार अनाज मंडियों में आढ़तियों की तरफ से गेहूं के तोल में गड़बड़ी की शिकायतें आ रहीं थी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मामले की जांच के आदेश जारी किए थे। सीआईडी और सीएम फ्लाइंग की टीमों ने मंडियों में दुकानों और फर्म पर औचक निरीक्षण किया। जहां गेहूं के तोल में गड़बड़ी के कई मामले सामने आए।

## यादगार लम्हों के साथ विदेशी मेहमानों को कहा अलविदा, सभी गदगद नजर आए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

लोकसभा की ओर से हरियाणा विधान सभा को सौंपा गया विधान प्रारूपण का 36वां अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम यादगार लम्हों के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान विधान परिसर ज्ञान की गंगा में बदला नजर आया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल प्रतिनिधियों ने न केवल विधान प्रारूपण के नुस्खे सीखे बल्कि उनके क्रियान्वयन के तौर तरीकों की पूरी प्रणाली का भी अध्ययन किया। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण व मुख्यमंत्री नायब सिंह की ओर से करवाई गई व्यवस्थाओं से शिष्टमंडल में शामिल प्रत्येक सदस्य गदगद दिखाई दिया।

### अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



#### भारत के लोग बेहद प्यार करने वाले : अलेजेन्ड्रो

ग्रुप लीडर अलेजेन्ड्रो निकोलस ने सभी प्रतिनिधियों की मेजबानी के लिए हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि भारत के लोग बेहद प्यार करने वाले और गर्मजोशी से भरे हैं। इस शिष्टमंडल में कोट डी-आइवर, इक्वेडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरस, मालदीव, मंगोलिया, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, श्रीलंका, तंजानिया, जाम्बिया, जिम्बाब्वे समेत 13 देशों के संसदीय व न्यायिक प्रणाली से जुड़े 27 उच्च अधिकारी शामिल रहे।

## हाईकोर्ट के आदेश: सस्पेंशन ऑर्डर गैरवाजिब, इंजीनियर बहाल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने एक सरकारी इंजीनियर को बिना किसी स्पष्ट कारण के निलंबित किए जाने को गैरकानूनी करार देते हुए उसका सस्पेंशन आर्डर रद कर दिया है। यह आदेश जस्टिस जगमोहन बंसल की एकल पीठ ने हरियाणा सरकार और अन्य संबंधित विभागों को सुनवाई के बाद पारित किया। मामला बिजली निगम के वरिष्ठ अभियंता हरी दत्त से जुड़ा है, जिन्हें 16 अप्रैल 2025 को निलंबित कर दिया गया था। विभाग ने आदेश में केवल यह उल्लेख किया था कि अधिकारी का मुख्यालय अब दिल्ली में मुख्य अभियंता (ऑपरेशन) कार्यालय में रहेगा और वे वहां प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज कराएंगे। आदेश में किसी कारण का उल्लेख नहीं किया गया था। याचिकाकर्ता के वकील अश्वनी तलवार ने अदालत को बताया कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभियंता को मंत्री का फोन न उठाने के कारण निलंबित किया गया, जबकि विभाग की ओर से पेश वकील ने तर्क दिया कि उनके डिवीजन में रिकवरी दर सबसे कम थी। कोर्ट ने पाया कि सस्पेंशन आर्डर न तो कोई ठोस कारण दर्शाता है और न ही यह किसी तरह की व्याख्या करता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी कर्मचारी को निलंबित करने से पहले कम से कम एक कारण स्पष्ट रूप से देना आवश्यक है। कोर्ट ने सस्पेंशन आर्डर को गैरवाजिब बताया।

### कांग्रेस पार्टी में निर्णय लेने की क्षमता नहीं रही : विज

**चंडीगढ़।** मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं से हरियाणा के विधायक की नाराजगी व दिल्ली में इसी मसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में अब निर्णय लेने की क्षमता नहीं रही है।

विज ने कहा कि यदि कांग्रेस में अगर निर्णय लेने की क्षमता होती तो सात महीने में यह अपना विपक्ष का नेता तय कर लेते। मगर, यह कोई फैसला नहीं कर पा रहे हैं और यही कारण है कि इस बार बजट सत्र भी बिना नेता प्रतिपक्ष के चला है।

### संस्थाओं को ठेस पहुंचा रही है भाजपा : सैलजा

**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद सैलजा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय पर टिप्पणी कर भाजपा देश की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचा रही है। संविधान पर बार-बार हो रहे हमलों को लेकर पीएम भी मौन है। उधर, भाजपा ने अपने सांसदों द्वारा सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई पर किए हमलों से खुद को अलग तो कर लिया, अगर ये सांसदों के अपने विचार है तो पार्टी ने दोनों सांसदों को कारण बताओ नोटिस जारी क्यों नहीं किया।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5811

हमकि (1) सविता विधवा गुलाब सिहं पुत्र सुरत सिहं निवासी मकान न0 22, रेल फैक्ट्री रोड, ढांसा मार्ग गोपाल नगर, नजफगढ़, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110043 व (2) अभय पुत्र गुलाब सिहं पुत्र सुरत सिहं, निवासी मकान न0 आर.जेड. 22, 23, गली न0 3, चेतन विहार, नजफगढ़, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110043 एवं बिस्वेदारान गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार अराजी खेवट न0 1573/1335, खाता न0 1629, मु0 न0 293, किला न0 28(0–10), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 10 मरले का 5/192 भाग, बकदर 0 कनाल 0.26 मरला (0.001625 एकड़) (जिसमें सविता – अभय हर दो समभाग) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 293, किला न0 28 मिन (0–0.26), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 0.26 मरला (0.001625 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 22.04.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


## पंचायती राज संस्थाओं को मिलेगा नया आयाम

■ 24 अप्रैल को पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राज्यस्तरीय समारोह

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त, उत्तरदायी और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से 24 अप्रैल को पंचकूला स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पंचायती राज प्रणाली को मजबूती देना है, बल्कि राज्य के जनप्रतिनिधियों विशेषकर महिला प्रतिनिधियों को उनके अधिकारों, दायित्वों और योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें और अधिक प्रभावशाली बनाना है। प्रवक्ता ने बताया कि समारोह में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में पंचायती राज प्रतिनिधियों की सहभागिता होगी। इनमें महिला प्रतिनिधियों की बड़ी भागीदारी महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार के मधुबनी से दिए जाने वाले संबोधन को भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के लगभग 80 हजार निर्वाचित प्रतिनिधि कार्यरत हैं।

## प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग

**चंडीगढ़।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा (ईएचएमसीएचआर) की टीम ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और हरियाणा में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग की। ईएचएमसीएचआर के चेयरमैन डॉ. विनोद खनगवाल ने बताया कि सीएम सैनी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता को लेकर ऐलान किया जाएगा। डॉ. खनगवाल ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी को लेकर 6 मार्च 2019 को तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने एक कमेटी बनाई थी। कमेटी जल्द इस मामले पर रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने का काम किया जाएगा। डॉ. विनोद और सेक्रेटरी संदीप सैनी चंडीगढ़ में आयुष मंत्रालय के सचिव और पदाधिकारियों से मिले और इसके बाद सीएम से मुलाकात की। इससे पहले टीम ने कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा से भी मुलाकात



### बड़े स्तर पर ट्रांसफर, देर रात सूची जारी

## दर्जनभर से ज्यादा जिलों के एसपी बदले, 55 अफसरों के तबादले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सूबे की नायब सैनी सरकार ने सोमवार की देर रात 14 जिलों के एसपी सहित 55 पुलिस अफसरों के तबादले कर दिए। जिसमें 42 आईपीएस और 13 एचपीएस अधिकारी शामिल के नाम शामिल हैं। बीती आधी रात में जारी की गई। सूची के मुताबिक, आईपीएस नीतीश अग्रवाल को कुरुक्षेत्र एसपी, मनबीर सिंह भिवानी एसपी, 2013 बैच की आस्था को कैथल, सुरेंद्र भौरिया यमुनानगर, राजेश को नूंह, वरुण सिंगला को पलवल, अजीत सिंह शेखावत अंबाला, भूपेंद्र सिंह पानीपत, सिद्धांत जैन फतेहाबाद, निकिता खट्टर डबवाली, अमित यशवर्धन को हांसी, हेमेंद्र कुमार मीणा रेवाड़ी, कुलदीप सिंह को जींद, मयंक गुप्ता सिरसा एसपी नियुक्त किए गए हैं।

### ममता सिंह अब एडीजीपी क्राइम



1996 बैच की आईपीएस ममता सिंह पास एडीजीपी क्राइम और आईआरबी भोंडसी की जिम्मेदारी रहेगी। हिसार रेंज एडीजीपी डॉ. एम रवि को करनाल रेंज का एडीजीपी और रोहतक रेंज एडीजीपी केके राव को हिसार रेंज की जिम्मेदारी दी है। 1999 बैच सिबास कबिराज को पंचकूला का पुलिस कमिश्नर और एससीआरबी और साइबर का आईजी लगाया है।

#### एचपीएस अधिकारियों को भी इधर से उधर किया

एचपीएस अधिकारियों में मुकेश कुमार डीसीपी क्राइम फरीदाबाद, धर्मबीर सिंह कमांडेंट सेंकेंड आईआरबी भोंडसी, बलजिंदर सिंह को एसपी हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन, जयबीर सिंह डीसीपी ट्रैफिक फरीदाबाद, कौशल पाल सिंह को डीसीपी वेस्ट सोनीपत, राजकुमार वालिया को डीसीपी बल्लभगढ़ लगाया गया है। रविंद्र सिंह को कमांडेंट थर्ड एचएपी हिसार और अतिरिक्त चार्ज एसपी वूमेन पुलिस ट्रेनिंग, विजय सिंह को एसपी एसीबी, सिद्धार्थ ढांडा को एसपी लॉ एंड आर्डर हेडक्वार्टर, भारती डबास को डीसीपी गोहाना, अमित दाहिया को डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक पंचकूला, हितेश यादव को डीसीपी साउथ गुरुग्राम, नुपुर बिश्नोई को एसपी वूमेन सेफ्टी हेडक्वार्टर और एसपी ईआरएसएस नियुक्त किया गया है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में लुदास से शाहपुर रोड आरडी 0.000 से 1.260 और 1.760 से 4.500 तक रोड का मजबूतीकरण (रोड आईडी 4909) (एससीएसपी के तहत)। | बंद होने की तिथि 24.04.2025 | 217.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | उत्तावर जिला पलवल में राजकीय बहुतकनीकी में फार्मेसी ब्लॉक की विशेष मरम्मत द्वारा पुनरोद्धार (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 25.04.2025 | 169.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में लघु सचिवालय कॉलोनी में जेडी, जेई, जेएफ, ई, एफ, डी टाइप क्वार्टर्स के लिए मेन निच की एस/आर और बी2, सी-टाइप क्वार्टर्स में कॉपर वायरिंग सहित एल्यूमीनियम वायर को बदलना। | 18.04.2025 24.04.2025 | 25.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में ऐलनाबाद में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में एसडीएम ऑफिस बिल्डिंग का एस/आर (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 21.04.2025 28.04.2025 | 7.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज अम्बाला | मिर्जापुर काठ ब्लॉक नारायणगढ़ में मिर्जापुर काठ से अंधेरी गांव तक आईएलपीबी सहित रास्ता का निर्माण + 5 कार्य। | 21.04.2025 28.04.2025 | 96.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज झज्जर | 33.56 – गांव मदाना खुर्द, ब्लॉक बेरी में जिम हॉल में हॉल का अपग्रेडेशन। | 18.04.2025 25.04.2025 | 14.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 629 मदों तक मदें निहित सूची (629 मदों का सिंगल लॉट)*। | 23.04.2025 22.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | कुलासी लिंक ड्रेन आरडी 0 से 27500 तक आंतरिक सफाई (2025-26)। | बंद होने की तिथि 25.04.2025 | 11.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 9 | सीईओ, जैडपी, फतेहाबाद | धाबी खुर्द से रूपाना जाट्टान (एच-946) तक रोड की विशेष मरम्मत + 5 कार्य। | 21.04.2025 28.04.2025 | 987.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 10 | वन विभाग, चरखी दादरी | वानिकी कार्य बाढड़ा ब्लॉक वृक्षारोपण का रखरखाव + 4 अन्य कार्य। | 18.04.2025 25.04.2025 | 153.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9968163096 dfodadri@yahoo.com |
| 11 | वन विभाग, चरखी दादरी | वानिकी कार्य दादरी ब्लॉक वृक्षारोपण का रखरखाव + 7 अन्य कार्य। | 17.04.2025 25.04.2025 | 231.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9968163096 dfodadri@yahoo.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | सोनीपत जिले में बाढ़ 2024 के पश्चात गांव पालड़ा में यमुना नदी पर 6 अदद नये स्टोन स्टड्स का निर्माण करके बदोली कॉम्पलैक्स को संरक्षण का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 27.04.2025 | 115.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920236776 xenrew@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रेवाड़ी | पम्प हाउस जेएफ-1 पर पी11 और पी23 (125 सीएस) की मरम्मत + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 02.05.2025 | ईएमडी 20600 | https://etenders.hry.nic.in | 1274298963 xenmech@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/260/34107/I/88/6 दि. 22.04.25

# प्रदेश के होनहारों ने यूपीएससी की परीक्षा में परचम लहराया

हरियाणा के युवाओं ने यूपीएससी की परीक्षा में दमखम दिखाया। इनमें कई लड़कियां और लड़के हैं। प्रदेश के 2 होनहारों को टॉप 10 में जगह मिली है। हिसार में जन्मी हर्षिता गोयल ऑल इंडिया में सेकेंड टॉपर हैं तो वहीं, झज्जर के आदित्य विक्रम अग्रवाल ने 9वीं रैंक हासिल की है। पानीपत की रहने वाली शिवानी पांचाल ने 53वीं रैंक हासिल की है। वह अंडर ट्रेनी एचसीएस हैं। कैथल की ब्लॉक डेवलपमेंट एंड पंचायत अधिकारी (बीपीओ) ने भी एग्जाम क्रैक किया है। इसके अलावा हलवाई के बेटे ने भी सफलता हासिल की है। परीक्षा क्रैक करने वालों में किसी को दूसरे तो किसी को छठे प्रयास में सफलता मिली है। इनमें कई ऐसे हैं, जिन्होंने जॉब के साथ यूपीएससी की परीक्षा पास की।



## सोनीपत के श्रेयक गर्ग ने तीसरे अटेंप्ट में यूपीएससी परीक्षा पास की

**सोनीपत।** सोनीपत के डॉ. श्रेयक गर्ग ने प्रतिष्ठित संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा में 35वीं रैंक हासिल करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनके पिता प्रोफेसर आरके गर्ग, उनकी मां डॉ. संध्या और उनके भाई ऋत्विक गर्ग ने डॉ. श्रेयक गर्ग की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता का प्रमाण है। डॉ. गर्ग की सफलता में उनके परिवार का अटूट समर्थन महत्वपूर्ण रहा है। उनके पिता, प्रोफेसर आरके गर्ग, वर्तमान में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी ), मुरथल में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के प्रोफेसर और डीन के रूप में कार्यरत हैं और मार्गदर्शन और प्रेरणा के निरंतर स्रोत रहे हैं। उनकी मां डॉ. संध्या और भाई ऋत्विक गर्ग ने भी उन्हें बहुत प्रोत्साहन दिया और एक ऐसा माहौल दिया जिससे वे अपनी तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर पाए। अपनी उपलब्धियों के अलावा, डॉ. श्रेयक गर्ग ने महाराष्ट्र के वर्धा में महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एमजीआईएमएस ) से एमबीबीएस की डिग्री भी हासिल की है।

## पानीपत की शिवानी बिना कोचिंग के ही यूपीएससी परीक्षा पास की

**समालखा (अशोक शर्मा)।** कहावत है कि जब किसी भी कार्य को करने के लिए मन में लग्न हो और उस कार्य को कड़ी मेहनत से किया जाए तो निश्चित रूप से उस कार्य में कामयाबी मिलती है और ऐसा ही शिवानी पांचाल ने कर दिखाया है। समालखा के भोड़वाल माजरी गांव की बेटी शिवानी पांचाल ने वर्ष 2024 में हरियाणा सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास की और अब वह गुड़गांव ट्रेनिंग कर रही है जो कि फिलहाल डीसी झज्जर के साथ अटैच होकर अपना ट्रेनिंग का कार्य कर रही है। अभी शिवानी पांचाल की सिविल सर्विसेज की ट्रेनिंग ही पूरी नहीं हुई कि उसके घर में एक और उससे भी ज्यादा बड़ी खुशी आ गई है,शिवानी ने यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन,कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा पास कर ली है और उसने 53वां रैंक हासिल कर लिया है,इसको लेकर शिवानी पांचाल के परिवार में खुशी भरा माहौल देखने को मिल रहा है, इतना ही नहीं शिवानी पांचाल ने जिस तरह से अपने परिवार के साथ-साथ अपने गांव का नाम रोशन किया है, हर गांव वासी भी उसकी इस मेहनत का कायल हो रहा है। शिवानी बिना कोचिंग के ही यह दोनों परीक्षा पास कर गई है।



जिस माता ने शिवानी को जन्म दिया, उस माता को शिवानी ने इतनी ज्यादा खुशी शिवानी ने दे दी कि उस माता की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा।



## ग्राम सचिव के पद पर कार्यरत अजय ने चौथी बार में सफलता पाई

**भूना।** गांव ढाणी गोपाल निवासी एंव ग्राम सचिव अजय कोलिया ने यूपीएससी परीक्षा में 895वीं रैंक हासिल की है। 24 वर्षीय अजय की इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। सरपंच रेशमा गोदारा, उनके पति राम कुमार गोदारा और पंचायत प्रतिनिधियों ने अजय के घर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। सरपंच ने कहा कि अजय ने छोटे से गांव का नाम रोशन किया है। अजय कोलिया इस समय फतेहाबाद जिले के जाखल ब्लॉक में ग्राम सचिव के पद पर कार्यरत हैं। छह महीने पहले ही उनकी नियुक्ति हुई थी। अजय के माता-पिता खेती करते हैं। उनका परिवार ढाणी गोपाल में खासा पठाना-डूल्ट रोड पर खेत में बनी ढाणी में रहता है। पिता बसाऊ राम पांच एकड़ में खेती करते हैं। मां सुनीता देवी गृहिणी हैं और खेती में भी हाथ बंटाती हैं। छोटा भाई विकास हरियाणा पुलिस में कार्यरत है।ननिहाल में की पढ़ाई ,नाना और नानी का मिला आशीर्वादअजय ने दसवीं की पढ़ाई ननिहाल गांव हैबतपुर के आर्य पब्लिक स्कूल से की। 12वीं नारनौंद के टैगोर स्कूल से पास की। इसके बाद हिसार के गवर्नमेंट कॉलेज से बीए किया। कुरुक्षेत्र से नॉन अटेंडिंग एमए भी की।

## कोई भी मंजिल मुस्किल नहीं होती है बशर्ते की मेहनत की जाएगी: इंदूबाला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग की सीनियर प्रो. राजेश धनखड़ की पुत्रवधु इंदूबाला ने यूपीएससी की परीक्षा में 542वां रैंक हासिल किया है। इन्होंने दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में एमटेक किया है। से गेट नेट की परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुकी है। लेकिन इनका सपना प्रशासनिक सेवा की अधिकारी बनकर देश सेवा का है। इसलिए उन्होंने यूपीएससी की तैयारी की। इंदूबाला ने अपनी सफलता का श्रेय पति यश , सास प्रोफेसर राजेश धनखड़ और ससुर सुरेंद्र को दिया है। इन्होंने कहा कि परिवार द्वारा लगातार हौसला बढ़ाने से ही आज यूपीएस में स्थान बना पाई हूं। इनकी सास प्रो. राजेश बताती हैं कि बहू का आईपीएस में आसानी से नंबर आ जाएगा। इंदू का गांव करौंथा हैं। जबकि इनका परिवार सेक्टर 14 में रहता है। युवाओं को संदेश देते हुए इंदू कहती है कि कोई भी मंजिल मुस्किल नहीं होती है। बशर्ते की मेहनत की जाएगी। परिश्रम तभी होता है जब जीवन में अनुशासन होगा। बहू की उपलब्धि गांव करौंथा और सेक्टर 14 स्थित आवास पर लोग बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं।



इंदूबाला को 542वां रैंक

## दादरी की दो बेटियों ने यूपीएससी में पाई सफलता, जिले में जश्न का माहौल






स्वाति ने 306वीं और अंकिता ने 337वीं रैंक हासिल की

**चरखी दादरी।** दादरी जिले की दो होनहार बेटियों ने यूपीएससी परीक्षा में अपना परचम लहराया है। यूपीएससी परीक्षा में मोड़ी गांव निवासी स्वाति ने 306वीं और धनासरी निवासी अंकिता श्योराण ने 337वीं रैंक मिली है। दोनों बेटियों की उपलब्धि पर गांवों सहित जिला में जश्न का माहौल है। दोनों ने दूसरे प्रयास में सफलता हासिल की है। मोड़ी निवासी स्वाति ने दूसरे प्रयास में यह कामयाबी हासिल की है। स्वाति की प्राथमिक शिक्षा गांव में व सोनीपत के राई स्पोर्ट्स स्कूल में 12वीं तक पढ़ाई की। इसके बाद दिल्ली के कमला नेहरू कॉलेज में ज्योग्राफी ऑनर्स में बीए के बाद कुरुक्षेत्र यूनीवर्सिटी में एमएससी के बाद नेट और जेआरएफ क्लियर किया। स्वाति फिलहाल जयपुर में पीएचडी कर रही है। दादरी जिले के गांव धनासरी निवासी अंकिता श्योराण ने भी दूसरे प्रयास में 337वीं रैंक हासिल की है। अंकिता की शादी महेंद्रगढ़ में हुई है, जब पहले प्रयास में सफलता नहीं मिली।

## मेहनत, लगन और सही दिशा से मिली सफलता: यश मलिक



**सिरसा।** सिरसा सीटीएम यश मलिक ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परिणाम में 369वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। गौरतलब है कि नगराधीश यश मलिक, वर्ष 2023 बैच के एचसीएस अधिकारी है जोकि 10 फरवरी 2025 से सिरसा में तैनात है। मूल रुप से वे सोनीपत जिले के गांव ईसापुर खेड़ी के रहने वाले हैं और वर्तमान में करनाल में रह रहे हैं। उन्होंने अपनी इंजीनियरिंग की डिग्री एनआईटी कुरुक्षेत्र से हासिल की है। उनका यह सफर न केवल युवाओं के लिए प्रेरणा है बल्कि यह साबित करता है कि मेहनत, लगन और सही दिशा में किए गए प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाते।

## सोशल मीडिया पर अधिक टाइम बर्बाद न करें
## कड़ी मेहनत और लगन से मिली सफलता: ध्वनि



**हिसार।** यूपीएससी द्वारा सिविल सेवा परीक्षा के घोषित किए गए परिणाम में हिसार की बेटी ध्वनि ने 215वां रैंक हासिल किया। पीएलए में रहने वाली ध्वनि के पिता डॉ. आदर्श अग्रवाल रोडियोलोजिस्ट है और माता डॉ. रीना जैन हड्डी रोग विशेषज्ञ है और उनके पास हिसार के नागरिक अस्पताल में पीएमओ का चार्ज है। ध्वनि की बचपन से ही इच्छा आईएएस की परीक्षा पास करने की थी। आखिरकार उसका यह सपना दूसरे अटेंप्ट में परीक्षा पास की। ध्वनि की इस उपलब्धि को लेकर परिवार में खुशी का माहौल है। ध्वनि द्वारा यूपीएससी की परीक्षा पास करने पर उनके घर बधाई देने वालों को तांता लग गया और लगातार फोन घनघनाने लगे। अपनी पोती की इस उपलब्धि पर दादा ओम कुमार अग्रवाल तथा दादी कुसुमलता फूले नहीं समा रहे थे। ध्वनि का कहना था कि इस उपलब्धि को प्राप्त करने में परिवार व शिक्षकों को सहयोग रहा, लेकिन सबसे ज्यादा योगदान उनकी दादी का रहा है। सोशल मीडिया शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेशन देती है, रील को देख कर मजा आता है, लेकिन लॉन्ग टर्म में हम कुछ बड़ा प्राप्त नहीं कर सकते। इसलिए अधिक टाइम बर्बाद न करें।

## जींद: समाज उत्थान के जज्बे ने डा. आकाश का क्रैक करवाया यूपीएससी, बधाइयों का ताता



**जींद।** मेडिकल लाइन में मानव सेवा थी, यूपीएससी के माध्यम से मानव सेवा के साथ समाज उत्थान की भावना थी। उसी लक्ष्य को आगे बढ़ा तो तीसरे प्रयास में यूपीएससी को फतेह कर ऑल इंडिया में 117वां रैक मिला। अब डा. आकाश भारतीय पुलिस में सेवा देंगे। यही कुछ कहना है चयनित आईपीएस स्कीम नंबर पांच निवासी डा. आकाश गोयल का। मूलतः गांव किठाना हाल आबाद स्कीम नंबर पांच निवासी आकाश गोयल बचपन से ही होनहार रहे हैं। 25 वर्षीय आकाश ने दसवीं तक की पढ़ाई डीएवी पब्लिक स्कूल से की। जिसके बाद मेडिकल से बारहवी प्रथम श्रेणी के साथ दिल्ली से की। वर्ष 2016 मे नीट क्लीयर कर दिल्ली मौलाना आजाद मेडिकल से एमबीबीएस में दाखिला लिया। वर्ष 2022 में एमबीबीए पास कर चार माह तक दिल्ली में नौकरी भी की। उसी दौरान उन्होंने यूपीएससी को लक्ष्य बनाया। पहला प्रयास क्लीयर नही हुआ। दूसरे प्रयास में इटरव्यूह में रह गया। मायूसी भी हाथ लगी लेकिन हिम्मत नही हारी। परिणाम अब सभी के सामने है। आकाश गोयल के पिता सतबीर गोयल गांव शामलो कलां के सरकारी स्कूल में प्रार्चाय हैं। जबकि मां संध्या साधारण ग्रहणी हैं।

## अलेवा के अजय ने सरकारी स्कूल से पढ़ाईकर यूपीएससी परीक्षा की पास, माता-पिता तथा प्राचार्या को बताया आदर्श

**अलेवा।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी)की ओर से मंगलवार को जारी परिणाम में जींद जिले के छोटे से गांव हसनपुर के अजय ने चौथे प्रयास में आल इंडिया 940वीं रैंक हासिल कर माता-पिता तथा गांव का नाम रोशन किया है। परिणाम की खबर मिलते ही घर और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। अजय के पिता शमशेर हलवाई का काम करते हैं, जबकि माता राजबाला एक ग्रहणी है। अजय शुरू से ही बहुत मेधावी छात्र रहे हैं। अजय ने अपनी मेहनत और लगन से परिवार का नाम प्रदेश में रोशन कर दिया है। अजय ने अपनी सफ लता का श्रेय अपने माता-पिता और परिवारजनों के साथ-साथ प्राचार्या ममता शर्मा को दिया है। इस सफ लता पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया। अजय ने बताया कि अच्छी रैंक के लिए वह दोबारा से परीक्षा देगा। हसनपुर आरोही माडल स्कूल की प्राचार्या ममता शर्मा ने बताया कि अजय ने शुरूआती सफर में 9वीं कक्षा में दाखिला लिया था। वह शुरू से ही उत्कृष्ट विद्यार्थी रहा है। वर्ष 2016 में अजय ने नीट की परीक्षा पास कर रोहतक पीजीआइएमएस से एमबीबीएस की पढ़ाई पुरी की थी।



## खबर संक्षेप

### बोर्ड सचिव ने किया अंकन केंद्र का निरीक्षण

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने आज यहां जारी एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की वार्षिक परीक्षाओं का अंकन कार्य प्रदेशभर में सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों के भविष्य को देखते हुए जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाएगा, ताकि परीक्षार्थी सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण उपरान्त समय रहते कॉलेजों व अन्य संस्थान में प्रवेश ले सकें ।

### अवैध क्लीनिक चला रहा आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** गुहला क्षेत्र के गांव खुशहाल माजरा रोड़ पर स्थित एक क्लीनिक पर छापामारी करके बीना प्रमाण पत्र के क्लीनिक चलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एमओ सीएचसी गुहला डां अमन बंसल की शिकायत अनुसार उनकी टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर खुशहाल माजरा रोड़ स्थित संधु क्लीनिक पर छापामार कार्रवाई की गई। मौके पर ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर चैतन वर्मा व थाना गुहला से एएसआई रामचंद्र की टीम भी साथ थी। मौके पर मिले कांगथली निवासी बलविंद्र सिंह मरीजों का इलाज कर रहे थे तथा बलविंद्र सिंह मौके पर कोई प्रमाण पत्र नहीं दिखा पाए।

### गेहूं के खेत में आग लगाने का आरोप

**फतेहाबाद।** गांव भूथन कलां में गेहूं के खेत में आग लगने से गेहूं की पककर तैयार फसल जलकर स्वाह हो गई। इस मामले में पीड़ित किसान ने अज्ञात व्यक्ति पर उसकी फसल में आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में शेखुपुर सौत्र निवासी अमरीक सिंह ने कहा है कि उसकी गांव भूथनकलां में जमीन है। उसकी 6 कनाल जमीन में गेहूं की फसल पककर तैयार थी। अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी।

### बरसीन गांव में हुआ अनोखा चुनाव, 13 से 21 साल की बालिकाओं ने डाले वोट

# 12वीं की छात्रा अस्तुति बनी पहली बालिका पंचायत की सरपंच

- 9 में से 5 निर्विरोध चुनीं गई, ये सभी ग्राम पंचायत के साथ समनव्य में कार्य करेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले के गांव बरसीन में प्रदेश की पहली बालिका पंचायत के गठन किया गया है। मंगलवार को हुई वोटिंग के बाद 12वीं कक्षा की छात्रा अस्तुति कंबोज सरपंच चुनी गई। अस्तुति की माता ऊषा भी गांव बरसीन की ग्राम पंचायत की सदस्य हैं।

दोपहर 12 बजे तक वोटिंग चली। कुल 185 में से 132 वोट पड़े। इस बालिका पंचायत की सरपंच बनने के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में थीं। इनमें से अस्तुति को 22 वोट मिले हैं। संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर रही साक्षी व अनुशिखा को 19-19 वोट मिले जबकि अनुराधा को 4, गुरकिरण जोत कौर को 9, ज्योति पुत्री पूजा रानी को 6, ज्योति पुत्री सुंदर दास को 16, निशु को 4, पुष्पा को 0, महिमा को 15, सरोज को 5 व सुलोचना को 13 वोट मिले हैं। सरपंच व पंच चुनी गई छात्राओं को डीसी मनदीप कौर, जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खिचड़ व जिला परिषद सीईओ सुरेश कुमार ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

बालिका पंचायत के गठन के लिए सुबह से ही मतदान केंद्र पर लड़कियों की लंबी-लंबी लाइनें देखने को मिलीं। इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने को लेकर ग्रामीण बालिकाओं में गजब का उत्साह नजर आया। सुबह 10 बजे तक 15.60 प्रतिशत यानि 25, 11 बजे तक 41.25 प्रतिशत यानि 65 तथा साढ़े 11 बजे तक 53.21 प्रतिशत यानि 91 बालिकाएं अपना वोट डाल चुकी थी। 12 बजे वोटिंग खत्म हुई। 12 बजे तक 71.35 प्रतिशत यानि 132 बालिकाओं ने अपना वोट डाला। उसके बाद मतों की गिनती की गई। इस बालिका पंचायत को चुनने के लिए गांव की 185 बेटियां की वोटर लिस्ट बनाई गई थी। इन वोटर्स में 11 से 21 साल की बेटियां शामिल हैं। जिला परिषद की ओर से चुनाव अधिकारी भी लगाए गए थे।



बालिका पंचायत में नवनिर्वाचित सरपंच व पंच सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपती डीसी एवं इनसेट में सरपंच चुनी गई छात्रा।

### वार्डों में चुनी गई बालिका पंच

गांव के सरकारी स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र पर सरपंच पद के लिए 12 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला रहा, जबकि एक विकल्प 'नोटा' (इनमें से कोई नहीं) के रूप में भी बैलेट पेपर पर मौजूद था। बालिका पंचायत के 9 वार्डों में से पांच वार्डों में पंच निर्विरोध चुनी गई जबकि चार वार्डों के लिए चुनाव हुए। वार्ड नंबर 1 में मनप्रीत, वार्ड नंबर 4 से जेसिका, वार्ड नंबर 7 से मनीषा, वार्ड नंबर 8 से प्रतिज्ञा व वार्ड नंबर 9 से सृष्टि निर्विरोध पंच चुनी गई। वहीं, वार्ड नंबर 2 में तीन उम्मीदवारों प्रोमिला, महक व सिमरन में मुकाबला हुआ। सिमरन 13 वोट लेकर पंच बनी। इसी तरह वार्ड नंबर 3 में एकता, निशु, रंजना ने चुनाव लड़ा, जिसमें से रंजना 11 वोट लेकर पंच चुनी गई। वार्ड नंबर 5 में चार उम्मीदवार कोमल पुत्री दिलबाग, कोमल पुत्री रामकिशन, नविका व सिमरन रही। इनमें से कोमल पुत्री दिलबाग 15 वोट लेकर विजेता बनी। वार्ड नंबर 6 में तीन उम्मीदवार आर्चि, एंजल व मिष्टी रही। इसमें एक वोट से मिष्टी जीती हैं।

### प्रत्येक गांव में होगा बालिका पंचायत का गठन

उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि गांव बरसीन में बालिका पंचायत का गठन पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर किया गया है। इसके बाद जिले के प्रत्येक गांव में बालिका पंचायत का गठन किया जाएगा जो बेटियों के हित में काम करेंगी। बालिका पंचायतों का गठन करने का जिला परिषद का मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान और लिंग समानता है। उन्होंने बताया कि बालिका पंचायत बेटियों व महिलाओं को उनके अधिकारों बारे जागरूक करेगी, महिला विरूद्ध अपराधों बारे जागरूक करना, पोषण, सेनिटेशन बारे जागरूक करना होगा, बालिका पंचायत के पास संवैधानिक व वित्तीय शक्तियां नहीं होंगी लेकिन ये ग्राम सभा में भाग ले सकेंगी और अपने सुझाव देंगी। बालिका पंचायत के सदस्यों को शासन, नेतृत्व और सामाजिक मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### यह काम करेगी बालिका पंचायत

जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खिचड़ ने बताया कि बालिका पंचायत के जरिए बेटियों को कम्युनिटी गवर्नमेंट में भागीदारी का अवसर दिया जाएगा। उनमें नेतृत्व, जागरूकता और नागरिक जिम्मेदारी का विकास होगा। पंचायत शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वच्छता और लैंगिक समानता जैसे मुद्दों पर यह बालिका पंचायत काम करेगी। पंचायत ग्राम पंचायत के साथ समन्वय में कार्य करेगी और उसकी बैठकों में भाग लेगी। बालिका पंचायत के सदस्यों को शासन, नेतृत्व और सामाजिक मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।



**भिवानी।** नशीले पदार्थ के साथ पकड़े गए आरोपी। फोटो: हरिभूमि

# दो किलो 930 ग्राम अफीम व 123 किग्रा चुरा पोस्त सहित तस्कर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त करने के हरियाणा सरकार के अभियान को साकार करने में हरियाणा एनसीबी लगातार सफलताएं पा रही है। इसी कड़ी में सफलता प्राप्त करते हुए ब्यूरो की भिवानी यूनिट ने जिले के सिटी भिवानी थाना एरिया के बाय पास से अवैध नशीले पदार्थो की तस्करी मे लिप्त दो नशा तस्करो को ट्रक सहित गिरफ्तार किया। भिवानी बाई पास होकर उनके हांसी निकलने का प्लान है। अगर पुलिस टीम द्वारा तुरन्त कार्यवाही की जाए तो आरोपियों को अवैध नशीले पदार्थ दो किलो 930 ग्राम अफीम व 123 किग्रा चुरा पोस्त सहित तस्कर काबू कर लिया। एक ट्रक से भारी मात्रा मे अवैध नशीले पदार्थ अफिम और चूरा पोस्ट सहित दो नशा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपियों की पहचान गुरुसरण और जसबीर सिंह पुत्र तिरलोक सिंह के रूप मे हुई। जो फतेहाबाद के रहने वाले है।

# होमगार्ड ने कई वाहनों में टक्कर मारी, बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

शहर के कॉलोनी रोड पर कल रात जोरदार हंगामा हुआ। दरअसल एक कार चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए सडक़ पर कई वाहनों को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है लोगों ने बड़ी मुश्किल से इस कार चालक को रोका और फिर उसकी परेड भी की। लोगों में कार चालक की लापरवाही को लेकर आक्रोश था लेकिन इसी बीच कुछ लोगों ने कार चालक पर कई अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान सैकड़ो लोग मौके पर एकत्र हो गए। कार चालक की पहचान एक होमगार्ड जवान के रूप में हुई जिसे हंगामे व लोगों के आरोपों के बाद एसपी डबवाली ने बर्खास्त कर दिया। इस सारे मामले में डबवाली पुलिस की भी काफी किरकिरी हुई। पूर्व पार्षद लवली मेहता ने बताया कि रात करीब 9:30 बजे एक तेज गति कार कॉलोनी रोड से गुजरी और कई वाहनों को टक्कर मारी । गनीमत यह रही कि कोई व्यक्ति कार की चपेट में नहीं आया, नहीं तो बड़ी अनहोनी हो जाती। लवली मेहता के मुताबिक कार चालक की वजह से सडक़ पर हाहाकार मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि लोगों की भीड़ ने कार चालक को किसी तरह काबू किया और फिर उसकी परेड भी की। बाद में यह पता चला कि कार चालक डबवाली पुलिस में होमगार्ड के रूप में नारकोटिक्स विभाग में तैनात है। इस कार चालक को पुलिस कर्मचारी वहां से ले गए।

**पहल** हरियाणा पुलिस ने साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए शुरू किया मिशन मोड अप्रोच

# प्रदेश ने किया कानून में बदलाव, अब बिना एफआईआर के मिलेगा रिफंड

**साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी और तकनीकी कार्रवाई में उछाल**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए शुरू की गई मिशन मोड अप्रोच के उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। पिछले दो वर्षों में प्रदेश में न केवल साइबर ठगी के मामलों में भारी कमी आई है, बल्कि रिकवरी, गिरफ्तारी और तकनीकी कार्रवाई में भी अभूतपूर्व सफलता हासिल की गई है। मार्च 2024 में जहां साइबर अपराधियों द्वारा प्रदेशवासियों से कुल 107.86 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी, वहीं मार्च 2025 में यह आंकड़ा घटकर 40.86 करोड़ रुपये रह गया है। इस प्रकार हरियाणा में साइबर अपराध से जुड़ी ठगी की राशि में 62 प्रतिशत की रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने हरियाणा साइबर पुलिस की टीम को बधाई दी है जिन्होंने साइबर अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए पूरे समपर्ण भाव से कार्य किया और इसे मात्र अपनी ड्यूटी ना मानते हुए 24 घंटे मिशन मोड में उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया। हरियाणा पुलिस के प्रयासों से एक ऐतिहासिक पहल संभव हो सकी है, जिसमें अब साइबर धोखाधड़ी से संबंधित धनराशि के रिफंड के लिए एफआईआर की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है।



### साइबर हेल्पलाइन 1930 बनी बड़ी ताकत

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर, ममता सिंह ने जानकारी दी कि हरियाणा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की टीम ने सितंबर-2023 की तुलना में मार्च 2025 में साइबर ठगी की चार गुना अधिक राशि को धोखाधड़ी से बचाने में सफलता प्राप्त की। इसके पीछे मुख्य कारण तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों की तैनाती और त्वरित रिस्पॉन्स सिस्टम है। सितंबर 2023 में 1930 हेल्पलाइन पर जहां मात्र 12 पुलिसकर्मी कार्यरत थे, वहीं अब यह संख्या बढ़ाकर 70 कर दी गई है। बैंक खातों और मोबाइल नंबरों पर भी कड़ी कार्रवाई की गई है। वर्ष 2024 में 2,83,589 बैंक खातों और 1,24,565 मोबाइल नंबरों को साइबर अपराध में संलिप्तता के कारण बंद करवाया गया है, जो देशभर में सबसे अधिक है। इसके अलावा लगभग 50 बैंककर्मियों को भी धोखाधड़ी में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया।

### नशा तस्करों की धर पकड़ तेज होगी

एनसीबी प्रमुख/ महानिदेशक ओपी सिंह ने यह मीटिंग पिछले दिनों हुई राज्यस्तरीय एनकॉर्ड मीटिंग की निरन्तरता के संबंध मे ली गई। इस मीटिंग मे सभी यूनिट सुपरवाईजरी ऑफिसर्स और यूनिट इंचार्जों को उनकी टीम द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही करते रहने को कहा। इस वर्ष जनवरी से लेकर अप्रैल महीने तक किए गए कार्यों का ब्योरा लेते हुए ज्यादा से ज्यादा मात्रा मे वाणिज्य मामलों की संख्या मे वृद्धि करना, पिछले मुकदमों मे अभी तक नहीं पकड़े गए नशा तस्करों की गिरफ्तारी करना, अदालतों मे लंबित मामलों मे ज्यादा से ज्यादा तस्करों को सजा करवाना शामिल है।



# कोहली 13, बटलर 11 और गेल-राहुल 10 बार चूके शतक से, 90+ रन पर हुए आउट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते शनिवार को इंडियन प्रीमियर 2025 के 35वें मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराया। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जीत के लिए मिले 204 रन के लक्ष्य को जीटी ने जोस बटलर की नाबाद 97 रन की पारी की मदद से हासिल किया। इस बीच आईपीएल के इतिहास में 10 या उससे अधिक 90+ रन के स्कोर बनाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

## इन बल्लेबाजों ने भी 10 या अधिक बार बनाए हैं 90 से ज्यादा रन

### जोस बटलर (11)

बटलर ने 11 पारियों में 90+ रन के स्कोर बनाए हैं, जिसमें 7 शतक शामिल हैं। उन्होंने अब तक के करियर में 114 मैचों में 39.36 की औसत और 148.74 की स्ट्राइक रेट के साथ 3,897 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 22 अर्धशतक भी लगाए हैं। बटलर का आईपीएल में सर्वोच्च स्कोर 124 रन है। वह जीटी से पहले मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स की टीमों से खेल चुके हैं।



### विराट कोहली (13)

विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोहली ने 13 पारियों में 90+ रन के स्कोर किए हैं। वह इस लीग में निरंतर रन बनाते हैं। वह अब तक 260 मैचों की 251 पारियों में 38.92 की औसत और 132.23 की स्ट्राइक रेट के साथ 8,253 रन बना चुके हैं। उन्होंने 113* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 8 शतक और 58 अर्धशतक लगाए हैं।

### केएल राहुल (10)

केएल राहुल आईपीएल में 10 पारियों में 90+ स्कोर कर चुके हैं। राहुल ने अब तक 138 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान 45.82 की औसत और 135.70 की स्ट्राइक रेट से 4,949 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 132* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 शतक और 39 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 134* रन रहा है। वह आईपीएल 2025 में **DC** की टीम से खेल रहे हैं।



### क्रिस गेल (10)

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज क्रिस गेल अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए दुनियाभर में जाने जाते थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा विश्व भर की तमाम टी-20 लीग्स में भी गेल ने हिस्सा लिया था। आईपीएल में उन्होंने 2009 से 2021 तक 142 मैचों में 4,965 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 175* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 6 शतक और 31 अर्धशतक लगाए थे। उन्होंने 10 पारियों में 90+ रन के स्कोर किए थे।

### डेविड वार्नर (10)

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वार्नर भी आईपीएल में 10 पारियों में 90+ स्कोर कर चुके हैं। वार्नर ने 2009 से लेकर 2024 तक आईपीएल में कुल 184 मैच खेले, जिसमें 40.52 की औसत और 139.77 की स्ट्राइक रेट के साथ 6,565 रन बनाए थे।

खास खबर

## पूरन के छक्के से फूटा फैन का सिर बल्लेबाज ने साइन कर जर्सी की भेंट



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन ने अपने एक नेक काम से फैंस का दिल जीत लिया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में पूरन के एक तूफानी छक्के ने स्टैंड्स में बैठे एक फैन के सिर पर चोट पहुंचा दी थी। इसके बावजूद पूरन ने जो किया, उसने हर किसी को उनका मुरीद बना दिया। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले पूरन ने उस फैन से मुलाकात की और उनका हाल-चाल पूछा।

**छक्के से लगी थी फैन को चोट**

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में निकोलस पूरन ने 34 गेंदों में 61 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी, जिसमें 7 छक्के शामिल थे, लेकिन उनकी पारी का एक छक्का स्टैंड्स में बैठे एक फैन के सिर पर जा लगा। चोट गंभीर थी और फैन के सिर पर पट्टी बांधनी पड़ी। फिर भी उस फैन का जज्बा कम नहीं हुआ और वह मैच देखने के लिए स्टेडियम में ही रुका रहा। लखनऊ सुपर जायंट्स ने उस मैच में जीत हासिल की, जिससे फैन की खुशी दोगुनी हो गई।

### पूरन का दिल छू लेने वाला कदम

मैच के बाद एलएसजी ने वीडियो शेयर किया, जिसमें पूरन ने फैन से पूछा, सब ठीक है? फैन ने उत्साह से जवाब दिया, बढ़िया! पूरन सर ने मुझे बुलवाया। मैं आया, उनसे मिला। उन्होंने पूछा, सब ठीक है? मैं कल फिर मैच देखने आ रहा हूं। चाहे छक्का लगे, सिर फूटे, कोई दिक्कत नहीं। बस हमारी लखनऊ की टीम जीतती रहे। उस दिन हमारी टीम जीती, मुझे बहुत खुशी हुई। हमारी टीम ट्रॉफी का सपना पूरा करे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| मुंबई | 8 | 4 | 4 | 8 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

## आईपीएलः मुकेश चार विकेट लेकर बने मैन ऑफ द मैच

# राहुल व पोरेल के अर्धशतकों से दिल्ली ने एलएसजी को आठ विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

मुकेश कुमार की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अनुभवी लोकेश राहुल और सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को आठ विकेट से शिकस्त दी। 'प्लेयर ऑफ मैच' मुकेश ने चार ओवर में 33 रन देकर चार विकेट झटके जिससे एलएसजी की टीम एडेन मारक्रम की अर्धशतकीय पारी के बावजूद छह विकेट पर 159 रन पर रोकने के बाद राहुल और अभिषेक के प्रयास से 17.5 ओवर में दो विकेट गवां कर लक्ष्य हासिल कर लिया। राहुल ने तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 42 गेंद में नाबाद 57 रन की संयमित पारी के दौरान आईपीएल में सबसे कम पारियों में 5000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने 130 पारियों में इस आंकड़े तक पहुंच कर डेविड वार्नर (135 गेंद) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। राहुल ने पोरेल के साथ दूसरे विकेट के लिए 49 गेंद में 69 रन की साझेदारी करने के बाद अक्षर पटेल के साथ 36 गेंद में 56 रन की अटूट साझेदारी की। पोरेल ने 36 गेंद में पांच चौके और एक छक्का की मदद से 51 रन बनाये जबकि दिल्ली के कप्तान अक्षर ने 20 गेंद में 34 रन की नाबाद पारी के दौरान चार छक्के और एक चौका जड़ा। एलएसजी के लिए दोनों विकेट मारक्रम ने लिये। सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने मिचेल मार्श के साथ पहले विकेट के लिए 60 गेंद में 87 रन की साझेदारी की लेकिन टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज इसका फायदा नहीं उठा सके। मारक्रम ने 33 गेंद की पारी में दो चौके और तीन छक्के लगाये जबकि मार्श ने 36 गेंद में एक छक्का और तीन चौके जड़े। आखिरी ओवर में आयुष बडोनी ने 21 गेंद में छह चौके की मदद से 36 रन बनाकर टीम के स्कोर को 160 के करीब पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए करुण नायर ने शारदुल ठाकुर के खिलाफ दो चौके जड़े तो वहीं पोरेल ने ओवर का तीसरा चौका लगाकर हाथ खोला। नायर ने चौथे ओवर में मारक्रम की गेंद को दर्शकों के पास भेजकर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गये।




## सनराइजर्स और मुंबई इंडियंस में भिड़ंत आज



**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 41वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना मुंबई इंडियंस से आज बुधवार 23 अप्रैल को हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में होगा। अंकतालिका में फिलहाल छठे पायदान पर मौजूद एमआई ने अब तक 4 मैच जीते हैं और इतने में ही हार झेली है, जबकि नौवें स्थान पर मौजूद एसआरएच ने सिर्फ 2 मुकाबले जीते हैं और 5 में हार का सामना किया है। राजीव गांधी स्टेडियम की पिच पर गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिलती है। हालांकि, तेज गेंदबाजों की तुलना में स्पिन गेंदबाज असरदार साबित होते हैं। ऐसे में तेज गेंदबाजों को विकेट चटकाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। एक बार बल्लेबाजों की नजरें जम जाती है तो आसानी से बड़े-बड़े शॉट लगते हैं। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 163 रन है। एक्यूवेदर के मुताबिक, 23 अप्रैल को हैदराबाद में तेज गर्मी रहने वाली है। दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक जा सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री तक रहने की उम्मीद है। बुधवार को हैदराबाद में बारिश की संभावना नहीं है।

## 100वें टूर-स्तरीय खिताब पाने मैड्रिड ओपन में खेलेंगे जोकोविच



**मैड्रिड।** पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच अपना 100वां टूर-स्तरीय खिताब हासिल करने की उम्मीद में तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलेंगे। जोकोविच को टूर्नामेंट में चौथी वरीयता दी गई है। उन्हें ड्रॉ के उसी आधे भाग में रखा गया है जिसमें स्थानीय खिलाड़ी और पिछले दो क्लेकोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले कार्लोस अल्कराज भी हैं। मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन 37 वर्षीय जोकोविच ने 2022 में सेमीफाइनल में अल्कराज से हारने के बाद इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। जोकोविच ने अपना 99वां खिताब पिछले अगस्त में पेरिस ओलंपिक में जीता था। इसके बाद उन्हें चार टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। इनमें पिछले महीने मियामी ओपन का फाइनल भी शामिल है।

### अभी तक ये खिलाड़ी जीते हैं 100वां खिताब

जोकोविच अगर यहां चैंपियन बनते हैं तो वह टूर स्तर पर 100 खिताब जीतने वाले दुनिया के तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। अभी तक जिमी कॉनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) ही यह कारनामा कर पाए हैं। जोकोविच ने 2011, 2016 और 2019 में यहां खिताब जीता था। उन्होंने 2016 के फाइनल में अपने कोच एंडी मरे को हराया था।

## खबर संक्षेप



### शिवम दुबे उभरते खिलाड़ियों के लिए देंगे 7 लाख रुपए

**चेन्नई।** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने युवाओं को प्रोत्साहित करने वाला कदम उठाते हुए मंगलवार को तमिलनाडु के 10 उभरते हुए खिलाड़ियों को 70-70 हजार रुपये देने का वादा किया। आईपीएल में सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले दुबे ने यहां तमिलनाडु खेल पत्रकार संघ के पुरस्कार और छात्रवृत्ति समारोह के दौरान यह दिल को छू लेने वाला फैसला लिया। दुबे को यह पुरस्कार टीएनएसजेए द्वारा दी जाने वाली 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति के अतिरिक्त दिया गया। दुबे ने समारोह के दौरान कहा, ''जब मैं टीम होटल से इस स्थान पर आ रहा था, तो टीएनसीए सचिव ने मुझे बताया कि यह कार्यक्रम यहां के कुछ युवाओं की मदद करने का एक प्रयास है। ऐसे में यह कदम सभी युवा एथलीटों का हौसला बढ़ायेगा।

### मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूंगीः कुजूर

**पर्थ।** जेएसडब्ल्यू सूरमा क्लब की तरफ से खेलते हुए हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर राष्ट्रीय महिला टीम में



जगह बनाने वाली युवा मिडफील्डर अजमीना कुजूर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में मौके का फायदा उठाने के लिए बेताब हैं। भारत को 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। इसके बाद उसे एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलने हैं।

### 25 से 27 तक एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** भारत 25 से 27 अप्रैल तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में दूसरी एशियाई



योगासन खेल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इस चैंपियनशिप का आयोजन योगासन भारत द्वारा खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 21 एशियाई देशों के कुल 170 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जबकि 40 तकनीकी अधिकारी और 30 टीम मैनेजर और कोच इसका हिस्सा होंगे।

नए खुलासे से मचा हड़कंप

## राजस्थान रॉयल्स की टीम फिक्सिंग में शामिल!



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में राजस्थान रॉयल्स की टीम एक बार फिर विवादों के घेरे में है. लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली हार के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के एक बड़े अधिकारी ने टीम पर मैच फिक्सिंग का गंभीर आरोप लगाया है। बता दें कि इससे पहले राजस्थान की टीम का इस साल प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। तो वहीं लखनऊ के खिलाफ एक आसान कैच छूटा था, जिसके बाद फैंस ने ये आरोप लगाया था कि राजस्थान की टीम ने मुकाबले को फिक्स कर लिया है।

### आखिरी ओवर में हार ने उठाए सवाल

आईपीएल के मैच नंबर 36 में राजस्थान रॉयल्स को 181 रनों का पीछा करना था। कप्तान संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम को आखिरी ओवर में सिर्फ 9 रनों की जरूरत थी, और उनके पास 6 विकेट बाकी थे लेकिन हैरानी की बात यह रही कि लखनऊ के गेंदबाज आवेश खान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को 2 रनों से जीत दिला दी।

### नीरज पवन ने आरोपों को बेबुनियाद बताया

बिहानी ने इसके साथ-साथ स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष नीरज के पवन पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एडहॉक कमेटी को नजरअंदाज किया जा रहा है और उन्हें इस बार मैच के लिए एक्रीडेशन कार्ड तक नहीं मिले हैं। इस पर नीरज ने अपनी प्रतिक्रिया दी है और बिहानी के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। नीरज ने स्पष्ट किया कि फिक्सिंग जैसी चीजों पर नजर रखना बीसीसीआई का काम है।

### घरेलू मैदान में ऐसी हार, संदिग्ध : जयदीप

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की विशेष समिति के संयोजक जयदीप बिहानी ने एक इंटरव्यू में कहा, हमारी टीम अपने घरेलू मैदान पर इतने कम रनों के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी, यह समझ से परे है। यह हार संदिग्ध लगती है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के पुराने विवादों का जिक्र करते हुए 2013 के स्पॉट फिक्सिंग कांड को भी याद किया, जिसमें टीम के कुछ खिलाड़ी दोषी पाए गए थे।

## अमन एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के अगले दौर में

**अम्मान।** भारतीय मुक्केबाज अमन सिवाच ने यहां एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के शुरुआती दौर में किर्गिस्तान के अबुबकिर दुशीव पर कड़े संघर्ष में जीत हासिल की। पुरुषों के अंडर-17 के 63



किग्रा वर्ग में सिवाच ने महाद्वीपीय टूर्नामेंट के तीसरे दिन प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए दुशीव को 4-1 से हराया। पहले दो दिनों में पुरुषों की अंडर-15 और अंडर-17 दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करके जीत हासिल की और अब सिवाच ने भी ठोस जीत हासिल करके भारत की उम्मीदों को मजबूती दी है। पुरुषों के अंडर-17 के 70 किग्रा भार वर्ग में अंशुल खासा हालांकि कजाकिस्तान के कुआनीश उरुंबसार से 0-5 से हार गए।

# पेरू विश्व कप में तीसरे स्थान पर रहा भारत

**विश्व कप निशानेबाजी : भारतीय दल ने जीते दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक**

एजेंसी ▶▶| लीमा (पेरू)

भारत यहां संपन्न हुई आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पृथ्वीराज टोंडिमान और प्रगति दुबे की भारतीय जोड़ी ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक दौर में पहुंचने में असफल रही।

### चीन रहा शीर्ष तालिका में टॉप पर

सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत को अंतिम पदक दिलाया। इससे देश के पदकों की संख्या सात हो गई, जिसमें दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य शामिल हैं। अमेरिका ने भी सात पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया लेकिन अधिक स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह भारत से आगे दूसरे स्थान पर रहा। चीन चार स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा।



### सुरुचि इंदर ने जीते दो स्वर्ण पदक

भारत के लिए असाधारण प्रदर्शन करने वाली 18 वर्षीय सुरुचि इंदर सिंह थी, जिन्होंने देश के लिए दोनों स्वर्ण जीते। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने सौरभ चौधरी के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल का मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक भी हासिल किया। सोमवार को ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में टोंडिमान और दुबे 134 का संयुक्त स्कोर बनाकर आठवें स्थान पर रहे। लक्ष्य और नीरू की अन्य भारतीय जोड़ी 128 के कुल स्कोर के साथ 13वें स्थान पर रही। केवल शीर्ष चार टीमें ही पदक दौर में पहुंची।

## शानदार रहा है रविंद्र जडेजा का आईपीएल करियर

# एक टीम के लिए 2,000+ रन और 100+ विकेट लेने वाले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

इंडियन प्रीमियर लीग में विश्व के तमाम बड़े ऑलराउंडर शिरकत करते हैं। वह अपने प्रदर्शन से टीम को खिताब जिताने का प्रयास करते हैं। इस लीग के इतिहास में अब तक सिर्फ 2 ऐसे ऑलराउंडर हुए हैं, जिन्होंने एक फ्रेंचाइजी की ओर से खेलते हुए बल्लेबाजी में 2,000+ रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में 100+ विकेट लिए हैं।

### रविंद्र जडेजा (सीएसके के लिए)

रविंद्र जडेजा ने चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से 180 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 27.97 की औसत और 135.41 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,042 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 62* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 अर्धशतक लगाए हैं। दूसरी तरफ सीएसके से उन्होंने 167 पारियों में गेंदबाजी की है, जिसमें 28.21 की औसत और 7.60 की इकॉनमी रेट के साथ 138 विकेट चटकाए हैं।





### शानदार रहा है जडेजा का आईपीएल करियर

जडेजा **IPL** में 248 मैच की 192 पारियों में 27.46 की औसत और 129.60 की स्ट्राइक रेट से 3,104 रन बना चुके हैं। इसमें 4 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 62 रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 219 पारियों में 30.48 की औसत से 165 विकेट चटका लिए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/16 विकेट का रहा है। वह आईपीएल में कुल 4 टीमों से खेल चुके हैं।

### आंद्रे रसेल (केकेआर के लिए)

वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल आईपीएल 2014 से कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से खेल रहे हैं। उन्होंने इस टीम से 127 मैच खेले हैं, जिसमें 28.60 की औसत और 174.34 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,460 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 88* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 11 अर्धशतक लगाए हैं। गेंदबाजी में उन्होंने 21.05 की औसत और 9.40 की इकॉनमी रेट के साथ 119 विकेट लिए हैं।

### ऐसा है रसेल का आईपीएल करियर

रसेल आईपीएल 2012 और 2013 में दिल्ली कैपिटल्स से खेल चुके हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 110 पारियों में 27.97 की औसत और 173.53 की स्ट्राइक रेट से 2,518 रन बना चुके हैं। इसमें 11 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88* रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 115 पारियों में 22.78 की औसत और 9.44 की इकॉनमी रेट से 120 विकेट चटकाए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।

## चिंतन

# कश्मीर में आतंकवाद की जड़ों को काटने का वक्त

आतंकवाद के खात्मे के लिए भारत को उसकी जड़ पर वार करना होगा। केवल ऑपरेशन क्लीन जैसे सफाई अभियान से बात नहीं बन रही है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के पीछे जो भी जड़ें काम कर रही हैं, उन जड़ों को काटना जरूरी है। आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों को निशाना बनाया है। आतंकियों ने नाम पूछ कर गैर मुस्लिमों को गोली मारी है। अमरनाथ यात्रा से पहले यह कायराना आतंकी हमला इस यात्रा में बाधा डालने की कोशिश है। पवित्र अमरनाथ यात्रा पर ज्यादातर हिंदू जाते हैं। इस बार यात्रा 3 जुलाई से शुरू है। सरकार बेशक जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ सख्ती से एक्शन ले रही है, सेना व अन्य सुरक्षा बल सम्मिलित रूप से ऑपरेशन क्लीन चला रही हैं, टेरर फंडिंग के स्रोतों पर वार किया गया है, अलगावादियों को कॉर्नर किया है, इसके बावजूद घाटी में आतंकी हमले बंद नहीं हो सके हैं। राज्यपाल शासन के बाद अब एक चुनी हुई सरकार है। जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त करना जरूरी है, इसके लिए सदियों तक इंतजार नहीं किया जा सकता है। अस्सी के दशक से इस राज्य के बेकसूर आवाम आतंकी दहशत में जी रहे हैं, पर्यटक डरे रहते हैं। बेखौफ होकर न कृषि होती है और न ही उद्योग-व्यापार। कश्मीर में आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान की फौज और खुफिया एजेंसी आईएसआई संलिप्त है, इन्हें दंतहीन-विषहीन बनाना जरूरी है। भारत को आतंक के मददगार और आतंकवाद में शामिल गुटों पर एक साथ वार करना होगा। भारत साढ़े चार दशक से आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है, आगे कब तक लड़ना होगा, यह भी पता नहीं है, लेकिन एक मजबूत विकसित राष्ट्र के लिए जरूरी है कि देश अपने दुश्मनों को कड़ा सबक सिखाए। हाल के वर्षों में कश्मीर में आतंकवाद का एक पैटर्न देखने को मिला है, जिसमें गैर मुस्लिमों पर हमला किया गया है। वर्ष 2022 में भी शोपियां व कुलगाम में हुए आतंकी हमले में भी नाम पूछ कर गोली मारी गई थी। मुंबई 26/11 आतंकी हमले में भी ऐसा ही देखने को मिला था। यह सीरियाई आतंकी गुट इस्लामिक स्टेट का तरीका था, जिसे अब पाक के आतंकी गुट लश्कर व जैश ने भी अपना लिया है। पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। लश्कर पाक स्थित आतंकी गुट हैं, इसलिए साफ है कि पहलगाम हमले में पाक के आतंकी गुट का हाथ है। कश्मीर में इतनी सुरक्षा व ऑपरेशन क्लीन के बावजूद टीआरएफ का वजूद चिंता पैदा करता है। पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। गृहमंत्री अमित शाह ने उच्च स्तरीय बैठक की है, सऊदी अरब की यात्रा पर गए पीएम नरेन्द्र मोदी ने अमित शाह से बात की है, जेएंडके के सीएम उमर अब्दुल्ला और उप राज्यपाल मनोज सिन्हा हमले के बाद की स्थिति पर चौकस हैं, लेकिन सवाल भी है कि पर्यटन के महीने में क्या सरकार के पास आतंकी हमले का खुफिया या सीआईडी इनपुट नहीं था? तमाम सुरक्षा के बीच मुट्ठी भर आतंकियों का गुट टीआरएफ इतने बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने में कैसे सफल हो जाते हैं, उन तक फंड व असलाह कैसे पहुंच रहे हैं? प्रशिक्षण कैसे मिल रहा है और बाहर से आ रहे हैं तो घुसपैठ कैसे हो रही है? जबकि लेजर प्रोटेक्टेड बाड़ है। अगर टीआरएफ को स्थानीय मदद मिल रही है, तो भी इसका पर्दाफाश जरूरी है। अब आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस केवल नीति में नहीं बल्कि एक्शन में जरूरी है। सर्जिकल स्ट्राइक से आगे की रणनीति की आवश्यकता है।

## पर्यावरण

विकेश कुमार बडोला



# प्राकृतिक असंतुलन को लेकर गंभीर हो मनुष्य

जहां राजधानी और महानगरों वाला भारत न्यायालयों के जंजाल में फंसा हुआ है, वहीं प्राकृतिक असंतुलन समानांतर रूप में देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में विनाश-लीला रचने में लगा हुआ है। 20 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के रामबन जनपद में सूर्योदय से पहले हुई तीव्र वर्षा के कारण अनेक स्थानों पर बाढ़ आ गई। बाढ़ की घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और बाढ़ में फंसे सौ से अधिक लोगों को किसी प्रकार सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नाशरी और बनिहाल के बीच बारह से अधिक स्थानों पर भूस्खलन, मृदाधंसाव और भारी पत्थर गिरने-लुढ़कने की घटनाएं हुईं। ढाई सौ किलोमीटर लंबे राजमार्ग के बंद होने के कारण इस पर सैकड़ों यात्री और वाहन चालक फंसे हुए हैं। समीप ही स्थित ग्लेशियर सुरंग के अंदर-बाहर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। सुरंग सहित लगभग तीन किलोमीटर राजमार्ग की पृष्ठभूमि में स्थित पूरा पर्वत भरभराकर धंस गया। इसके बाद राजमार्ग का दूसरा हिस्सा धंसाव के बाद बहे पर्वतों के मलबे के साथ सरपट खाई में बदल गया है। घटना के चलचित्र देखकर प्राकृतिक आपदा की गंभीरता भली-भांति समझी जा सकती है। जलवायु की निरंतर विकृत एवं विनाशक होती स्थितियों की भी हमारे द्वारा अनदेखी की जा रही है। दुर्घटना के बाद कुछ दिनों के लिए स्थितियां सामान्य होते ही हम पिछला सब कुछ भूल जाते हैं और फिर जलवायु असंतुलन के कारण एक नई दुर्घटना घट जाती है। विगत कई दशकों से हिमालयी पर्वत क्षेत्र में यही हो रहा है। विद्युत उत्पादन के लिए बांधों के निर्माण, पर्यटन में वृद्धि हेतु रहने-घूमने की संरचनाओं के निर्माण और इन निर्माण परियोजनाओं को पूरा करने व इनके भोगोपभोग के लिए इन तक जाने-पहुंचने हेतु मार्गों के निर्माण के कारण पर्वतों की प्राकृतिक शक्ति समाप्त हो चुकी है। पर्वतों पर विकास के परिणामस्वरूप बढ़े आवागमन, भारी मोटर वाहनों के चालन-परिचालन और तरह-तरह की संरचनाएं खड़ी करने के लिए विस्फोटकों की सहायता से तोड़े गए पर्वतीय पठार पारस्परिक नैसर्गिक पर्वत-बंधन से मुक्त हो चुके हैं। विभिन्न पर्वतीय भाग अब पारस्परिक अवलंबन की अवस्था से पृथक हो चुके हैं। इसीलिए उनमें अत्यधिक या तीव्र वर्षण का भार वहन करने का शक्तिगुण नहीं बचा। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तरखंड में माह डेढ़ माह के अंतराल में कोई न कोई प्राकृतिक विपदा घट ही रही है। यह घटनाक्रम तीन-चार दशकों से निरंतर चला आ रहा है और विगत दस-पंद्रह वर्षों में तो ऐसी घटनाएं भयंकर रूप में घटी हैं। जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तराखंड तक परिव्याप्त हिमालयी गिरिमाला पर आधुनिक विकास के कारण पड़ने वाले जो भी प्रतिकूल प्रभाव हैं, वे पर्वतों के सबसे ढलान वाले अंशों पर अधिक हैं। उत्तराखंड में सर्वाधिक पर्वत-विचलन हुआ है। इसके बाद उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के बीच स्थित हिमाचल प्रदेश में अधिक पर्वतीय अस्थिरताएं हो रही हैं। पर्वतों के सर्वाधिक निचले और मध्य भाग में दीर्घ समय तक होने वाले ऐसे विचलनों व अस्थिरताओं के कारण एक दुर्भाग्यशाली दिन वह भी आएगा जब जम्मू-कश्मीर में स्थित हिमालय का सर्वोच्च शिखर जलवायु असंतुलन का अकल्पनीय विनाश झेलेगा। क्या इससे सुरक्षित रहने के लिए भारत और हिमालय पट्टिका के दोनों ओर स्थित देशों की कोई तैयारी है? संभवतः कोई तैयारी नहीं है और ना ही हो सकती है। अर्थव्यवस्था बढ़ाने पर केंद्रित दुनिया हर संभव औद्योगिक व भौतिक अनुसंधान कर देना चाहती है। फिर चाहे इसके लिए समग्र पृथ्वी की पूरी प्रकृति ही ध्वस्त क्यों न हो जाय। कुछ देश तो इस संबंध में दिखावटी-बनावटी चिंता भी नहीं कर रहे। वे तो निर्मम आधुनिकता पर सवार होकर पृथ्वी से अंतरिक्ष तक विस्तारित क्षेत्र को वैज्ञानिक प्रयोगों से इस सीमा तक अप्राकृतिक कर चुके हैं कि संवेदनशील व्यक्ति को यदि आंख उठाकर आकाश की नीलिमा देखने की इच्छा होती है तो वायुमंडल में पसरी हुई मटमैली कुरूपित धुंध उसे दुखित आहें भरने को ही विवश करती है। अधिसंख्य मनुष्यों को असंतुलित जलवायु के कारण उत्पन्न ऐसे वातावरण के बारे में कोई स्वाभाविक समझ ही नहीं है। प्राकृतिक असंतुलन के कारण आए दिन वे किसी न किसी असाध्य रोग से ग्रस्त ही रहते हैं मनुष्य चाहे साधारण व्यक्ति, नागरिक, पारिवारिक सदस्य के रूप में हो अथवा विद्वान, पदाधिकारी या धन-संसाधन संपन्न विशिष्ट व्यक्ति के रूप में, उसे गंभीर होकर यह जान लेना होगा कि अंधाधुंध आधुनिक विकास आने वाले कुछ वर्षों में महाविनाश का ही पर्याय होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## नेशनल हेराल्ड

प्रमोद भार्गव

# अदालत का सम्मान करे कांग्रेस

**ईडी ने नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो कि जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेषज्ञ डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी।**

देश के प्रथम व प्रतिष्ठित राजनीतिक गांधी परिवार की पुत्रवधू सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी समेत अन्य के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहला आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया है। इस मामले में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और पत्रकार सुमन दुबे भी आरोपी हैं। दुबे राजीव गांधी फाउंडेशन के ट्रस्टी भी हैं। यह आरोप पत्र 9 अप्रैल 1925 को विशेष जज विशाल गोगने की अदालत में पेश किया गया। अब इस पर अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। इसी दिन अदालत में केस डायरी भी प्रस्तुत करनी होगी। ईडी ने इसी प्रकरण में नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो कि जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेषज्ञ डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी। इस समय भी केंद्र में यूपीए की सरकार थी। अतएव कांग्रेस को ईडी और अदालती कार्यवाही का सम्मान करने की जरूरत है। नेशनल हेराल्ड नाम के अंग्रेजी अखबार की स्थापना 1938 में पंडित नेहरू और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने की थी। इसका स्वामित्व एजेएल के पास था। इसी ने हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज अखबार निकाले थे।

दरअसल दो हजार करोड़ रुपये के नेशनल हेराल्ड से संबंधित स्वामित्व व परिसंपत्तियों के हस्तांतरण से जुड़ा एक मामला निजी इस्तगासे के तहत निचली अदालत में विचाराधीन है। याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी ने अदालत में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करके यह दावा किया था कि अखबार का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी 'द एसोसिएट्स जर्नल्स लिमिटेड' के स्वामित्व और परिसंपत्तियों के हस्तांतरण में धोखाधड़ी की गई है। इससे लाभान्वित होने वाले सोनिया गांधी और राहुल गांधी हैं। न्यायालय ने पहली नजर में इस मामले को सुनने योग्य माना और प्रक्रिया आगे बढ़ा दी। तभी से कांग्रेस राजनीतिक प्रतिशोध के चलते इस मामले को झूठा ठहराने में लगी हुई है। साफ है, सोनिया, राहुल अपने को फंसता देख जानबूझकर मामले को सियासी साजिश करार देने में लगे हैं। यहां सोचने की जरूरत है कि वाकई न्यायपालिका राजनीति की कठपुतली है तो फिर 2013 में जब स्वामी ने अदालत में याचिका दाखिल की थी,तब अपनी राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल इस याचिका को खारिज कराने में क्यों नहीं किया? याचिकाएं लगाने में सिद्धहस्त स्वामी ने कोई इकलौती यही याचिका दाखिल नहीं की, वे कई जनहित याचिकाएं लगाकर अपनी कानूनी लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। यदि न्यायालय राजनेताओं के दिशा-निर्देशन के अनुसार चलती हैं तो सोनिया गांधी संप्रग सरकार की भद पिटवाने वाली इस कार्यवाही को क्यों



नहीं रोक पाईं ? गोया पूरा देश जानता है कि अदालतों का राजनीतिक हस्तक्षेप से कोई वास्ता नहीं है। न्यायालयीन प्रक्रिया स्वतंत्र रूप से कानूनी दायरे में गतिशील रहते हुए अंतिम परिणाम तक पहुंचती है।

इस लिहाज से कांग्रेस द्वारा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को दोषी ठहराना उचित नहीं है। नेशनल हेराल्ड से जुड़ा मामला बेहद गंभीर है। प्रथम दृष्टया दस्तावेजी साक्ष्यों की पड़ताल करने से ही यह साफ हो जाता है कि दाल में कुछ काला है। दरअसल एजेएल नेशनल हेराल्ड अखबार की मालिकाना कंपनी है। कांग्रेस ने एजेएल को 90 करोड़ का कर्ज दिया। इसके बाद 5 लाख रुपये की अंश पूंजी से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया व राहुल की 38-38 फीसदी भागीदारी तय की गई। शेष बची 24 प्रतिशत की हिस्सेदारी कांग्रेस नेता और पार्टी के कोषाध्यक्ष मोतीलाल बोरा और ऑस्कर फर्नांडीज को दी गई। अब दोनों नेता दिवंगत हो चुके हैं। इसके बाद एजेएल के 10-10 रुपये के नौ करोड़ शेयर यंग इंडियन को दे दिए गए।

इसके बदले यंग इंडियन को कांग्रेस का कर्ज भी चुकाना था। 9 करोड़ शेयर के साथ यंग इंडियन का एजेएल की 99 फीसदी हिस्सेदारी मिल गईं। कांग्रेस ने 90 करोड़ जैसी बड़ी धनराशि का ऋण भी माफ कर दिया। मसलन कागजों में एक कंपनी का कृत्रिम वजूद खड़ा करके एजेएल का स्वामित्व बड़ी आसानी से हस्तांतरित कर दिया गया। स्वामी ने अदालत में अपनी दलील पेश करते हुए इस प्रकरण में हवाला करोबार को अंजाम देने का संदेह भी जताया था। जाहिर है, मामला बेहद गंभीर है। अब 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति यंग इंडियन को गलत तरीके से स्थानांतरित की गई थी, आरोप है कि संपत्तियों का उपयोग करके फर्जी लेन-देन के जरिए लाखों-करोड़ों की रकम जुटाई गई। फर्जीदान, फर्जी अग्रिम किराया और फर्जी विज्ञापन के रूप में अवैध आय अर्जित की गई। जांच में पाए गए ऐसे ही दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। ईडी 2021 से इस मामले की जांच कर रही है। ईडी ने जून 2022 में राहुल गांधी से पांच दिन में पचास घंटे और जुलाई 2022 में सोनिया गांधी से तीन दिन में करीब 12 घंटे पूछताछ की थी। इस मामले में मां-बेटे दिसंबर 2019 से जमानत पर हैं। वास्तव में अब जरूरत तो यह है कि एक जिम्मेदार और अनुभवी राजनीतिक दल होने के नाते सोनिया और राहुल समेत सभी आरोपियों को अपने निर्दोष होने के साक्ष्यों के साथ अदालत में अपना पक्ष रखना चाहिए। केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराने और संसद से सड़क तक हंगामे की बजाय कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप व्यवहार जताने की आवश्यकता है। अदालती कार्यवाही पर भी उंगली उठाना,सर्वथा अनुचित आचरण का प्रतीक है। इस मामले में सोनिया गांधी को अपनी सास इंदिरा गांधी से भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने अदालत की कार्यवाही का सामना करने में कभी हिचक नहीं दिखाई। रायबरेली चुनाव में धांधली के आरोप की सुनवाई के दौरान श्रीमती गांधी 18 मार्च 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में हाजिर हुई थीं,वह भी प्रधानमंत्री रहते हुए। हालांकि मनमाफिक फैसला नहीं होने पर इंदिरा गांधी जून 1975 में आपातकाल घोषित करने से भी नहीं चूकी थीं। संभव है जिरह और न्यायिक प्रक्रिया की कसौटी पर स्वामी के दस्तावेजी साक्ष्य और ईडी के आरोप बेदम साबित हो जाएं और अदालत मामला ही खारिज कर दे ? यह एक उम्मीद है,लेकिन यदि स्वामी जैसी कि दलील दे रहे हैं कि प्रस्तुत साक्ष्य कूटरचित और कथित रूप से व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने वाले हैं और अदालत उन्हें सही पाती है तो कानून में ऐसे आरोप में जिस सजा का प्रावधान है, अतएव आरोपियों का बच निकलना मुश्किल होगा ?

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# मर्यादा के दायरे में कर्तव्यों का पालन



संकलित

## दर्शन

भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा के दायरे में रहकर कर्तव्यों का पालन करने की सीख देता है। उनके जीवन से हम कई चीजों की प्रेरणा ले सकते हैं, जो जीवन में हमें सही मार्ग प्रशस्त करते हैं। भगवान श्रीराम ने कठिन से कठिन हालातों में भी आत्मसंयम, धैर्य और साहस से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने कभी भी क्रोध में आकर कोई निर्णय नहीं लिया, बल्कि हर चुनौती का सामना शांति और विवेक के साथ किया। श्रीराम अपने वचनों के प्रति अत्यंत निष्ठावान थे। उन्होंने जीवन भर अपने वचनों और दायित्वों का पूरी निष्ठा से पालन किया। वनवास के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता ने सिर्फ कंद-मूल और फल खाकर जीवन बिताया। उन्होंने कभी भी मांसाहार या तामसिक भोजन को नहीं अपनाया। शबरी के प्रेमपूर्वक दिए बेर भी उन्होंने आदरपूर्वक ग्रहण किए। राजसी वैभव छोड़कर वनवास के समय भगवान राम ने तपस्वियों का वेश धारण किया। उन्होंने सादगी से जीवन जिया जहां जो मिला उसी में संतुष्ट रहकर आगे बढ़ते गए। श्रीराम हर कार्य सोच-समझकर और पूर्व नियोजन के साथ करते थे। माता सीता को वापस लाने के लिए उन्होंने समुद्र पार करने हेतु रामसेतु का निर्माण कराया, जो उनके रणनीतिक कौशल को दर्शाता है। भगवान राम ने अपने वनवास काल में अनेक जनजातीय और वनवासी समुदायों के जीवन में सुधार लाने का प्रयास किया। शबरी, केवट और अहिल्या जैसे प्रसंग उनके करुणा और सेवा भाव को दर्शाते हैं।

# ऐसे लोगों से कभी न करें दुश्मनी



संकलित

## प्रेरणा

आचार्य चाणक्य के अनुसार राजा और सत्ताधारी या शक्तिशाली व्यक्ति से शत्रुता नहीं करनी चाहिए। आधुनिक संदर्भ में देखा जाए तो बड़े राजनीतिक नेताओं या प्रशासन से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अनबन करने से गंभीर नुकसान हो सकता है, क्योंकि जिनके पास अधिकार होते हैं, वे परिस्थितियों को अपने अनुरूप मोड़ सकते हैं। चाणक्य नीति के अनुसार धनवान व्यक्ति से शत्रुता करना भी अपने लिए नुकसानदायक होता है। धन से व्यक्ति की शक्ति बढ़ती है और इससे वह दूसरों पर अधिक हावी होने की क्षमता रखता है। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि शारीरिक या मानसिक रूप से बलवान व्यक्ति से टकराव मोल लेना हानिकारक हो सकता है। ऐसा व्यक्ति अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। इसलिए ऐसे लोगों से हमेशा दूरी बनाए रखनी चाहिए। धन और बल में श्रेष्ठ व्यक्ति से शत्रुता करना अनावश्यक संकट को आमंत्रित करने जैसा है। चाणक्य की इन नीतियों का अनुसरण कर व्यक्ति अपने जीवन को सुरक्षित और सफल बना सकता है। उनके विचारों को समझना और व्यवहार में लाना, जीवन में संतुलन और समृद्धि लाने में सहायक हो सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

*-विजय कुमार सेन*

## करंट अफेयर

# व्यापार के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को किया परिभाषित



सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और व्यापार समझौतों के दुरुपयोग को रोकने के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को परिभाषित किया। आयातकों को शुल्क रियायतें पाने के लिए एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदार से किसी उत्पाद का प्रमाण या उत्पत्ति का प्रमाण पत्र लेना होगा। राजस्व विभाग के परिपत्र के अनुसार, उत्पत्ति के प्रमाण का अर्थ है कि व्यापार समझौते के अनुसार जारी किया गया प्रमाण पत्र या घोषणा, जिससे यह प्रमाणित होता है कि माल उत्पत्ति के देश के मानदंडों को पूरा करता है। उत्पत्ति का प्रमाण पत्र उन देशों को निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिनके साथ भारत के व्यापार समझौते हैं। एक निर्यातक को आयात करने वाले देश के बंदरगाह पर प्रमाण पत्र जमा करना होता है। मुक्त व्यापार समझौतों के तहत शुल्क रियायतों का दावा करने के लिए यह दस्तावेज महत्वपूर्ण है। इस प्रमाण पत्र से यह पता चलता है कि माल मूल रूप से कहां से आया है। इस कदम पर टिप्पणी करते हुए परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि सीमा शुल्क परिपत्र के जरिये मूल प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता को साबित करने के लिए अच्छी तरह परिभाषित तंत्र और एक मानक संचालन प्रक्रिया तय की गई है।

## ऑफ बीट

# अस्पताल में भर्ती होने के लिए 45 किमी तक की यात्रा



भारत में वृद्धों को बाह्य-रोगी सेवाओं के लिए 15 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ सकती है तथा अस्पताल में भर्ती होने के लिए लगभग 45 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ सकता है। यह जानकारी एक नए शोध से मिली है। 'द लांसेट रीजनल हेल्थ-साउथ ईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित अनुमानों में शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता भी दिखाई गई है। इसके मुताबिक, शहरी बुजुर्गों को 10 किलोमीटर की दूरी के भीतर बाह्य-रोगी सुविधाएं मिल जाती हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले वृद्धों के लिए यह दूरी लगभग 30 किलोमीटर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के शोधकर्ताओं ने 2017-2018 में भारत के अनुदैर्ध्य आयु अध्ययन (एलएएसआई) की पहली लहर के दौरान एकत्र किए गए 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 32,000 वृद्धों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। भारत में करीब 13.8 करोड़ बुजुर्ग हैं। जब स्वास्थ्य सुविधाएं 10 किलोमीटर के दायरे में उपलब्ध थी तो बाह्य-रोगी और अस्पताल में भर्ती होने, दोनों प्रकार की सेवाओं का इस्तेमाल करने की दरें उच्च थी, जो क्रमशः 73 प्रतिशत और 40 फीसदी थी।

## ट्रेंड

### पर्यावरण संरक्षण



इस पृथ्वी दिवस पर, आइए हम स्वच्छ, हरित और टिकाऊ दिल्ली के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। हम जलवायु जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### हर बच्चे को शिक्षा



जब तक हर छात्र को बिना भेदभाव के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था सभी के लिए न्यायपूर्ण नहीं हो सकती। कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### थोरियम से बनाएं बिजली



आने वाले दिनों में, भारत में बिजली का सबसे ज़्यादा कन्ज़म्प्शन होगा। सबको सस्ती बिजली चाहिए। ईश्वर ने हमें न्यूक्लियर पॉवर का ईंधन, "थोरियम", बहुत बड़ी मात्रा में दिया है। थोरियम को यूज करके सस्ती बिजली बन सकती है। ये छोटे रिएक्टर जगह भी कम लेते हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### माफी मांगता हूं



मैं गुस्से में किसी को एक जवाब देने में अपनी मर्यादा भूल गया और पूरे ब्राह्मण समाज को बुरा बोल डाला। मैं तहेदिल से माफी मांगता हूं, इस समाज से जिनको मैं ये नहीं कहना चाह रहा था।

-अनुराग कश्यप, फिल्मकार

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com





# पहलगाम में आतंकी हमला... लोग पड़े थे खून से लथपथ, मदद के लिए मची चीख-पुकार

# ...धर्म पूछ-पूछकर मारीं गोलियां

### मुस्लिम नहीं और मार दी गोली

मैं और मेरे पति यहां पर बैठकर भेल खा रहे थे। इस बीच आतंकी आते हैं और कहते हैं ये मुस्लिम नहीं लग रहे, इन्हें मार दो और मेरे पति को गोली मार दी। वहीं एक अन्य महिला कहती हुई नजर आ रही है कि मेरे पति को बचा लो...वो वहां पर पड़े हैं। वहीं एक अन्य महिला अपने पति को कुर्सी पर बैठाए हुए है और कहती हुई नजर आ रही है कि प्लीज मेरी मदद करो। इन्हें गोली लगी है।

### 'कोई मेरे बेटे को बचा लो'

वीडियो में एक अन्य महिला कहती हुई नजर आ रही है कि कोई मेरे बेटे को बचाए। इस पर स्थानीय व्यक्ति पूछता है कि कहां है आपका बेटा। महिला घास के मैदान की तरफ इशारा करके बताती है कि वहां है। इस पर स्थानीय कहता है कि आप चिंता मत करो हम हैं आपकी मदद के लिए।

**पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) (भाषा)।** दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में बैसरन के घास के मैदानों में तब मदद के लिए चीख-पुकार मच गई, जब जम्मू-कश्मीर में हाल के वर्षों में आम लोगों पर हुए सबसे घातक आतंकवादी हमलों में से एक के बाद एक दर्जन से अधिक पर्यटक खून से लथपथ पड़े थे। भारी हथियारों से लैस आतंकवादी बैसरन की घाटी से निकले और करीब 40 पर्यटकों के समूह को घेर लिया। आतंकवादियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें 26 लोग मारे गए और कम से कम 20 अन्य घायल हो गए। आतंकियों ने लोगों से धर्म पूछ-पूछकर गोलियां मारी। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि जैसे ही गोलियां चलनी शुरू हुईं, पर्यटन से आजीविका कमाने वाले मुट्ठी भर स्थानीय लोग जान बचाने के लिए भाग गए, जिससे पर्यटक बेबस होकर रह गए। एक महिला ने फोन पर बताया, ''मेरे पति को सिर में गोली मारी गई... उन्हें मुसलमान न होने की वजह से गोली मारी गई। हमले में सात अन्य लोग घायल हुए हैं।' अपना नाम नहीं बताने वाली महिला ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की गुहार लगाई।

### पिता से आयत पढ़ने के लिए कहा, फिर बरसा दीं गोलियां

कश्मीर के पहलगाम शहर के पास हुए आतंकवादी हमले में दिल को झकझोर देने वाले दृश्य सामने आ रहे हैं। लोकप्रिय बैसरन में जब आतंकवादियों ने धावा बोला तो लोग डर के मारे तंबू के अंदर छिप गया। आतंकवादियों ने 54 वर्षीय संतोष जगदाले को तंबू से बाहर आने और इस्लाम की एक आयत पढ़ने के लिए कहा। जब वह आयत नहीं पढ़ पाए तो आतंकवादियो ने जगदाले को गोलियों से छलनी कर दिया। उन्होंने जगदाले पर तीन बार गोली मारी, एक बार उनके सिर में, फिर कान के पीछे और फिर पीठ में गोली मारी। संतोष जगदाले पुणे के एक व्यवसायी थे। उनकी 26 वर्षीय बेटी असावरी जगदाले ने आपबीती सुनाई। जगदाले की बेटी ने कहा, ''पिता के जमीन पर गिर जाने के बाद, बंदूकधारियों ने मेरे बगल में चाचा पर हमला किया और उनकी पीठ में कई गोलियां बरसाईं।'' असावरी जगदाले ने इस हमले के पांच घंटे बाद 'पीटीआई-भाषा' को टेलीफोन पर बताया, ''हम पांच लोगों का समूह थे, जिसमें मेरे माता-पिता भी शामिल थे। जब गोलीबारी शुरू हुई तब हम पहलगाम के पास बैसरन घाटी एवं मिनी स्विटजरलैंड नामक जगह पर थे।'' कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। असावरी को नहीं पता कि उनके पिता और चाचा जिंदा हैं भी या उनकी मौत हो चुकी है।

### यहां हुआ आतंकी हमला




## उपराज्यपाल सिन्हा बोले, आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

**जम्मू/श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने मंगलवार को प्रमुख पर्यटक स्थल पहलगाम में हमला किया, जिसमें कई लोग मारे गए और कम से कम 26 घायल हो गए। उपराज्यपाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि इस घृणित हमले के पीछे जो लोग हैं, उन्हें सजा मिलेगी।''



### हमले पर किसने क्या कहा...



**राजनाथ सिंह :** रक्षा मंत्री पहलगाम में आतंकी हमले की खबर से बहुत दुखी हूं। निर्दोष नागरिकों पर यह हमला कायरतापूर्ण और निंदनीय है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।



**उमर अब्दुल्ला :** मुख्यमंत्री मैं इस हमले से हैरान और स्तब्ध हूं। पर्यटकों पर हमला करना गलत है। इस हमले के अपराधी दरिंदे हैं, अमानवीय हैं। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं वयक्त करता हूं। मैं तुरंत श्रीनगर वापस जा रहा हूं।



**राहुल गांधी :** कांग्रेस जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की खबर बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली है। आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य होने के खोखले दावों के बजाय अब जवाबदेही लेते हुए ठोस कदम उठाए, ताकि आगे ऐसी बर्बर घटनाएं न होने पाएं।



**महबूबा मुफ्ती :** पूर्व मुख्यमंत्री यह घटना बेहद चिंताजनक है। कश्मीर ने हमेशा पर्यटकों का गर्मजोशी से स्वागत किया है। सुरक्षा में चूक की जांच जरूरी है। पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सबसे ज्यादा जरूरी है। भविष्य में हमलों को रोकने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।

### रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा- ये प्लान्ड अटैक

सेना में रहते हुए दक्षिणी कश्मीर में सेवाएं दे चुके रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा- ये आतंकी हमला टाइमिंग देखकर सुनियोजित रूप से किया गया है, ओजीडब्यू नेटवर्क भी शामिल है।अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत में आए हुए हैं, हमारे प्रधानमंत्री मध्य पूर्व में हैं। पाकिस्तान हमेशा आतंक का सहारा करता है। पाकिस्तान अपने ओजीडबल्यू (ओवर ग्राउंड वर्कर्स) के जरिए इस तरह के हमले करवा रहा है। पूरी वारदात भारत को नीचा दिखाने के लिए और हिंदू-मुसलमानों के बीच दरार डालने के लिए की गई है।

### आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट, व्यापक सामाजिक सहमति बनानी है : सोनिया गांधी

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए मंगलवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ उसी तरह की व्यापक सामाजिक सहमति बनाने के लिए काम करने की जरूरत है जो अतीत में हुआ करती थी। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद के खिलाफ देश एकजुट है। सोनिया गांधी ने एक बयान में कहा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के बारे में जानकर मैं बहुत दुखी और मर्माहत हूं।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने की हमले की निंदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की मंगलवार को निंदा की और इसे देश की एकता एवं अखंडता पर हमला बताया तथा सरकार से दोषियों को दंडित करने के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान भी किया। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने 'एक्स' पर लिखा, ''जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर नृशंस आतंकी हमला बहुत ही निंदनीय एवं दुखद है। इस आतंकवादी हमले में जिन लोगों की जान चली गयी है, हम उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।'' उन्होंने कहा कि यह देश की एकता और अखंडता पर हमला है।



### रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने शोक जताया

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कहा कि इस ''क्रूर अपराध'' का कोई औचित्य नहीं है और इसके दोषियों को उचित सजा मिलेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे संदेश में पुतिन ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। पुतिन ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि इसके साजिशकर्ताओं और अपराधियों को उचित सजा मिलेगी।'







## उपराष्ट्रपति ने आलोचना करने वालों पर निशाना साधा

# संसद सर्वोच्च है... यह उतना ही सर्वोच्च है जितना कि देश का प्रत्येक व्यक्ति : धनखड़

### संविधान में संसद से ऊपर किसी प्राधिकार की कल्पना नहीं की गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि संवैधानिक प्राधिकारी द्वारा बोला गया प्रत्येक शब्द सर्वोच्च राष्ट्रहित से प्रेरित होता है। उन्होंने हाल में उच्चतम न्यायालय के आदेश को लेकर की गई अपनी टिप्पणी पर सवाल उठाने वाले आलोचकों पर निशाना साधा। धनखड़ ने यह भी कहा कि देश के खिलाफ काम करने वाली ताकतों द्वारा संस्थाओं की आलोचना करने तथा उन्हें बर्बाद करने के प्रयासों को खत्म किया जाना चाहिए। संसद को सर्वोच्च बताते हुए धनखड़ ने कहा, ''संविधान में संसद से ऊपर किसी प्राधिकार की कल्पना नहीं की गई है। संसद सर्वोच्च है... मैं आपको बता दूं कि यह उतना ही सर्वोच्च है जितना कि देश का प्रत्येक व्यक्ति।'' शीर्ष अदालत की एक पीठ ने हाल में राज्यपालों द्वारा रोक कर रखे गए विधेयकों पर राष्ट्रपति की मंजूरी के वास्ते उन पर फैसला लेने के लिए तीन महीने की समयसीमा तय की थी। न्यायालय के इस निर्देश पर प्रतिक्रिया देते हुए धनखड़ ने कहा था कि न्यायपालिका ''सुपर संसद'' की भूमिका नहीं निभा सकती और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में नहीं आ सकती।

सांसद ही तय करते हैं कि संविधान कैसा होगा।



सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र को लेकर चल रही बहस

### संवैधानिक पद औपचारिक

उन्होंने कहा कि संवैधानिक पदाधिकारी द्वारा बोला गया प्रत्येक शब्द राष्ट्र के सर्वोच्च हित से प्रेरित होता है। उन्होंने कहा, ''मुझे यह बात समझ में आती है कि कुछ लोगों ने हाल में यह विचार व्यक्त किया है कि संवैधानिक पद औपचारिक और रस्मी हो सकते हैं। इस देश में हर किसी की भूमिका - चाहे वह संवैधानिक पदाधिकारी हो या नागरिक - के बारे में गलत समझ से बढ़कर कोई भूल नहीं हो सकती।'

### प्रत्येक नागरिक की अपनी भूमिका

' उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की अपनी भूमिका होती है। उन्होंने कहा, ''लोकतंत्र की आत्मा प्रत्येक नागरिक में बसती है और धड़कती है। लोकतंत्र फूलेगा-फलेगा। इसके मूल्य और ऊंचे उठेंगे। जब नागरिक सतर्क होगा तो नागरिक योगदान देगा और नागरिक जो योगदान देता है, उसका कोई विकल्प नहीं हो सकता।'' धनखड़ ने यह भी कहा कि संविधान में संसद से ऊपर किसी भी प्राधिकार की कल्पना नहीं की गई है।

### हम एक लोकतांत्रिक राष्ट्र

*उन्होंने जोर देकर कहा, ''संसद सर्वोच्च है।'' धनखड़ राज्यसभा के सभापति भी हैं। उन्होंने रेखांकित किया, '''हम लोग' का हिस्सा लोकतंत्र में एक अणु हैं और उस अणु में परमाणु शक्ति है। वह परमाणु शक्ति चुनाव के दौरान परिलक्षित होती है और इसीलिए हम एक लोकतांत्रिक राष्ट्र हैं।'*

### यह कहा था सुप्रीम कोर्ट ने



8 अप्रैल को दिए फैसले में ही सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति के लिए भी राज्यपाल की ओर से भेजे गए बिल पर एक्शन लेने की समय सीमा तय की थी। हालांकि यह फैसला सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर 11 अप्रैल को डाला गया। अदालत ने कहा था कि इस मामले में राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो या पॉकेट वीटो का अधिकार नहीं है। उनके फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है और बिल की संवैधानिकता का फैसला न्यायपालिका करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की तरफ से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

### नेताओं के बयान, जिनसे बढ़ा विवाद

#### निशिकांत दुबे

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था- भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। ऐसे में आप किसी अपॉइंटिंग अथॉरिटी को निर्देश कैसे दे सकते हैं। संसद इस देश का कानून बनाती है। क्या आप उस संसद को निर्देश देंगे। देश में गृह युद्ध के लिए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं। धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है। अगर हर किसी को सारे मामलों के लिए सर्वोच्च अदालत जाना पड़े तो संसद और विधानसभा बंद कर देनी चाहिए।

#### जगदीप धनखड़

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा था- अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत कोर्ट को मिला विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24x7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं। हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो सुपर संसद के रूप में भी कार्य करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है। 22 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी।

# 2 घंटे में 65 लाख वोटिंग औसत प्रति घंटे के वोटिंग ट्रेंड से काफी कम रही

## राहुल गांधी के दावे को ईसी ने बताया बेबुनियाद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर उठाए सवालों का इलेक्शन कमीशन ने जवाब दिया है। ईसीआई सूत्रों के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 6,40,87,588 मतदाताओं ने सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान केंद्रों पर पहुंचकर वोट डाला। औसतन प्रति घंटे लगभग 58 लाख वोट पड़े। इस एवरेज ट्रेंड के अनुसार आखिरी 2घंटों में करीब 116 लाख मतदाता वोट डाले जा सकते थे। इसलिए, दो घंटों में 65 लाख मतदाताओं की ओर से वोट डालना औसत प्रति घंटे के वोटिंग ट्रेंड से काफी कम है।

### राहुल ने महाराष्ट्र में मतदान पर खड़े किए थे सवाल



*राहुल ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए भारत की चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग की सरकार के साथ मिलीभगत है। उन्होंने अमेरिका के बोस्टन में दावा किया कि भारत की चुनावी प्रणाली में कुछ न कुछ गड़बड़ है। राहुल ने रविवार को एक कार्यक्रम में कहा कि सरल शब्दों में कहें तो महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राज्य में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया।' चुनाव आयोग ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की ओर से गलत सूचना फैलाना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है। यह उन हजारों प्रतिनिधियों को भी बदनाम करता है जो अपनी राजनीतिक पार्टी से नियुक्त किए जाते हैं। हमें बदनाम करने की कोशिश पूरी तरह से बेतुकी है। चुनाव से ठीक पहले या हर साल एक बार वोटिंग लिस्ट में संशोधन किया जाता है।*

### प्रियंका के फिलिस्तीन संदेश पर बांसुरी बोलीं

## 'नेशनल हेराल्ड की लूट' मुद्दे को अब हम जनता के सामने लाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर जेपीसी की बैठक होने जा रही है। प्रस्ताव वाले विधेयकों पर समिति की बैठक के लिए भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज एक बैग लेकर संसद भवन पहुंचीं। उनके काले बैग पर लाल रंग से 'नेशनल हेराल्ड की लूट' लिखा हुआ था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कार्यशैली को अब जनता के सामने लाया जाना चाहिए। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी




और राहुल गांधी पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। कांग्रेस ने इसे भाजपा द्वारा अपने शीर्ष नेताओं के खिलाफ बदले की कार्रवाई करार दिया है।

### कश्यप का माफीनामा मैं मर्यादा भूल गया था

**मुंबई।** फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ अपने बयान के लिए मंगलवार को माफी मांगते हुए कहा कि वह, गुस्से में किसी को जवाब देते समय 'अपमानजनक भाषा' का इस्तेमाल कर मर्यादा भूल गये थे। कश्यप, ब्राह्मण समुदाय पर अपने बयान को लेकर विवादों में आ गये हैं। उन्होंने अपनी गलती स्वीकारते हुए कहा कि उन्होंने 'पूरे समुदाय को लेकर' गलत बात कही थी। उन्होंने कहा, ''ब्राह्मण समाज के तमाम लोग मेरी जिंदगी में रहे हैं, आज भी हैं और बहुत योगदान देते हैं। आज वे सब मुझसे आहत हैं।



## खबर संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया में आम चुनाव को मतदान

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में मंगलवार को आम चुनावों के लिए मतदान शुरू हो गया, जबकि पोप फ्रांसिस के निधन के कारण चुनाव प्रचार थमा रहा। मतदान केंद्र उन मतदाताओं के लिए खोले गए हैं, जो किसी न किसी कारणवश तीन मई को निर्धारित मतदान दिवस पर वोट नहीं डाल पाएंगे। अनुमान है कि आधे से अधिक वोट चुनाव तिथि से पहले ही डाल दिए जाएंगे।

### डेल्टा विमान में लगी आग बाल-बाल बचे 282 यात्री

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के ऑरलैंडो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अटलांटा जा रहे डेल्टा एयरलाइंस के एक विमान में रनवे पर आग लग गई। आग की घटना टर्मिनल में मौजूद एक यात्री के मोबाइल में कैद हो गई, जिसके चलते एयरलाइन के कर्मचारी तुरंत हरकत में आ गए। विमान में सवार 282 यात्रियों को आपातकालीन स्लाइड्स के जरिये बाहर निकाला गया।

### केरल हाईकोर्ट को उड़ाने की धमकी,सिर्फ अफवाह

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय को मंगलवार दोपहर को ई-मेल के जरिए मिली बम की धमकी ‘अफवाह' निकली। पुलिस के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बम की धमकी मिलने के बाद अदालत के सुरक्षाकर्मियों ने निरीक्षण किया और इसे ‘अफवाह' करार दिया। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने बम निरोधक इकाई और स्वान दस्ते को तैनात करके अदालत परिसर और उसके आसपास निरीक्षण किया गया। उच्च न्यायालय में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

---

### यूएस के उपराष्ट्रपति का भारत दौरा, दूसरे दिन जयपुर में भव्य स्वागत

# अमेरिका, भारत मिलकर बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं: वेंस

**वेंस ने बिजनेस समिट को संबोधित किया**
*पीएम मोदी के नेतृत्व की जमकर सराहना की*

अमेरिका के उपराष्ट्रपति का आमेर फोर्ट के जलेब चौक पर दो हाथियों (चंदा और पुष्पा) ने मेहमानों का स्वागत किया। लोक कलाकारों ने कच्छी घोड़ी, घूमर और कालबेलिया डांस कर स्वागत किया। इसके बाद सीएम भजनलाल शर्मा व उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने वेंस के परिवार से मुलाकात की।

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत दौरे के दूसरे दिन जयपुर में हैं। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वेंसे ने कहा कि भारत पहली बार आया हूं। अन्य देशों में नीरसता लगती है, लेकिन भारत में जीवंतता महसूस होती है। वेंस ने कहा कि मोदी एक टफ नेगोशिएटर हैं और भारत की इंडस्ट्री के लिए लड़ते हैं। यह मैंने कई बार देखा है। भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों की एक दिशादृष्टि पेश करते हुए वेंस ने भारत से अपने बाजारों तक अधिक पहुंच प्रदान करने तथा अमेरिका से ज्यादा ऊर्जा और रक्षा उपकरण खरीदने का आह्वान किया। वेंस ने कहा कि अमेरिका और भारत उच्च प्रौद्योगिकी, रक्षा, व्यापार और ऊर्जा समेत विविध क्षेत्रों में मिलकर बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। वेंस और उनका परिवार सोमवार जयपुर पहुंचा था। वे बुधवार को आगरा जाएंगे।

- मोदी टफ नेगोसिएटर, वे भारतीय इंडस्ट्री के लिए लड़ते हैं



- पीएम मोदी के साथ ट्रेड एग्रीमेंट के टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर अच्छी प्रगति हुई
- रक्षा और उर्जा क्षेत्र में भारत के साथ साझेदारी करना चाहता है अमेरिका

#### वेंस ने कहा- यहां मेरी पत्नी मुझसे बड़ी सेलिब्रिटी

जेडी वेंस ने समिट में कहा कि यह भारत की मेरी पहली यात्रा है, उस देश की, जहां मेरी पत्नी के पेरेंट्स ने जन्म लिया। मैं भारत की प्राचीन वास्तुकला की सुंदरता से, भारत के इतिहास और परंपराओं की समृद्धता से बहुत प्रभावित हुआ हूं, लेकिन इसके साथ-साथ मैं भविष्य पर भारत की तेज नजर से भी बहुत प्रभावित हुआ हूं। मुझे लगता है कि इतिहास और परंपरा के प्रति यह सम्मान और भविष्य के प्रति यह समर्पण भारत को ऊर्जा देती है।

#### दोनों देशों में ट्रेड समझौता जल्द होने के आसार

वेंस ने भारत से गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने, अधिक अमेरिकी ऊर्जा, सैन्य हार्डवेयर खरीदने का आग्रह किया

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ट्रेड एग्रीमेंट होने के आसार हैं। वेंस ने संकेत दिए हैं। वेंस ने मंगलवार को भारत से गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने, अपने बाजारों तक अधिक पहुंच देने तथा अधिक अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद और सैन्य हार्डवेयर खरीदने का आह्वान किया। उन्होंने समृद्ध और शांतिपूर्ण 21वीं सदी के लिए दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ संबंधों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। मैं सचमुच मानता हूं कि 21वीं सदी का भविष्य अमेरिका-भारत साझेदारी की मजबूती से निर्धारित होगा।

#### वेंस ने परिवार सहित आमेर का किला देखा



**वेंस परिवार का राजस्थान सीएम ने की अगवानी**

- वेंस ने गोद में लेकर बेटी को खूब दुलारा
- महल से जुड़ी तमाम जानकारियां भी लीं
- परिवार के साथ वेंस ने फोटो खिंचाई
- परिवार के स्वागत में कलाकारों ने डांस भी किया
- सजी-धजी हथिनियां चंदा और पुष्पा ने भी स्वागत किया

जयपुर (भाषा)। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस और उनके परिवार ने मंगलवार को जयपुर स्थित विश्वविख्यात आमेर का किला देखा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वेंस का परिवार शहर में स्थित आलीशान रामबाग पैलेस होटल से रवाना हुआ और सुबह करीब 9:30 बजे आमेर के किले में पहुंचा। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित इस किले में वेंस परिवार का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। जब वे आमेर किले के मुख्य प्रांगण जलेब चौक में दाखिल हुए, तो दो सजी-धजी हथिनी चंदा और माला ने अपनी सूंड उठाकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किले में उनकी अगवानी की और उनका स्वागत किया। वेंस ने परिवार सहित, राजस्थान की जीवंत संस्कृति की झलक पेश करने वाले कच्ची घोड़ी, घूमर और कालबेलिया सहित लोक नृत्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुति का आनंद लिया। उपराष्ट्रपति वेंस अपने बेटे इवान और विवेक का हाथ थामे लाल कालीन पर चले, जबकि उनकी पत्नी उषा वेंस ने अपनी बेटी मीराबेल को गोद में उठाया हुआ था। ये लोग किले के प्रभावशाली प्रांगण और वास्तुकला से मंत्रमुग्ध दिखाई दिए।

---

## भारत-सऊदी अरब संबंध रणनीतिक स्तर पर प्रगाढ़ हुए : प्रधानमंत्री

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि सऊदी अरब के साथ अपने लंबे और ऐतिहासिक संबंधों को भारत बहुत महत्व देता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच संबंधों ने रणनीतिक स्तर पर प्रगाढ़ता और गति हासिल की है।

सऊदी अरब के वली अहद (क्राउन प्रिंस) मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा के लिए रवाना होते हुए अपने वक्तव्य में मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी और ठोस साझेदारी विकसित की है। मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय शांति, समृद्धि, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए हमारी साझा रुचि और प्रतिबद्धता रही है। यह देश की उनकी तीसरी और ऐतिहासिक शहर जेद्दा की पहली यात्रा होगी। वह 2023 में मोहम्मद बिन सलमान की भारत की अत्यधिक सफल राजकीय यात्रा के बाद अपनी इस यात्रा को लेकर और ‘स्ट्रटजिक पार्टनरशिप काउंसिल' की दूसरी बैठक में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। मोदी ने वली अहद सलमान के लिए ‘मेरे भाई' संबोधन का इस्तेमाल किया।



- सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा के लिए रवाना से पहले मोदी-बोले
- मोदी की तीसरी और ऐतिहासिक शहर जेद्दा की पहली यात्रा होगी

#### भारतीय समुदाय से जुड़ने के लिए भी उत्सुक

*मोदी ने कहा कि वह सऊदी अरब में भारतीय समुदाय से जुड़ने के लिए भी उत्सुक हैं, जो दोनों देशों के बीच जीवंत सेतु के रूप में सतत काम कर रहा है और सांस्कृतिक एवं मानवीय संबंधों को मजबूत करने में बहुत बड़ा योगदान देता है। अधिकारियों ने बताया कि मोदी से पहले देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों की सऊदी अरब यात्रा की बात करें तो पिछले करीब सात दशक में ऐसी तीन यात्राएं हुई हैं। यह मोदी की खाड़ी क्षेत्र के किसी देश की 15वीं यात्रा भी है।*

### ट्रंप फैसले पर हार्वर्ड ने दायर किया मुकदमा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक और फैसले को चुनौती दी गई है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी प्रशासन ने मैसाचुसेट्स की संघीय अदालत में ट्रंप की फंडिंग रोकने की धमकी के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष एलन गार्बर ने ट्रंप प्रशासन पर अनुचित नियंत्रण लगाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

### हसीना समेत 10 का चुनाव पत्र किया लॉक

**ढाका।** बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने अपदस्थ पीएम शेख हसीना और उनके परिवार के नौ सदस्यों के राष्ट्रीय पहचान पत्र लॉक कर दिए हैं। हसीना समेत 10 व्यक्तियों की एनआईडी 16 फरवरी को एक आधिकारिक पत्र के जरिये लॉक कर दी गई थी। चुनाव आयोग में राष्ट्रीय पहचान पंजीकरण विंग महानिदेशक एएसएम ने हस्ताक्षर किए थे।

---

### पांच हजार से अधिक धावकों की भागीदारी

## सैन्य अस्पताल ने किया पहली सोल्जरथॉन का आयोजन



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

सेना के नई दिल्ली स्थित रिसर्च एंड रेफरल (आर एंड आर) अस्पताल ने मंगलवार को पहली सोल्जरथॉन (रन फॉर सोल्जर्स और रन विद सोल्जर्स) का आयोजन किया। जिसमें 5 हजार से अधिक धावकों ने एक साथ भाग लिया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह आयोजन सशस्त्र बलों के बहादुर नायकों के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। जिसमें पूर्व सैनिकों, जवानों, आम नागरिकों, छात्रों ने मिलकर भाग लिया। तीन श्रेणियों 10, 5 और 3 किलोमीटर में इस दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मिजोरम के राज्यपाल जनरल वी.के. सिंह (सेवानिवृत), नौसेनाध्यक्ष, उप सेनाध्यक्ष, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के डीजी, दिल्ली क्षेत्र के जीओसी व अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

---

### बेंगलुरु ‘रोड रेज' केस

## वायुसेना अधिकारी से जुड़े मामले में जांच में सहयोग कर रही वायुसेना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

- कर्नाटक के सीएम ने पुलिस को दिए कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई करने के निर्देश।
- पुलिस ने विंग कमांडर शिलादित्य के खिलाफ ‘हत्या के प्रयास' का मामला दर्ज कर शुरू की जांच

बेंगलुरु में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर शिलादित्य बोस और एक कॉल सेंटर के कर्मचार विकास कुमार के बीच रोडरेज की घटना पर एक ओर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के निर्देश पर पुलिस ने वायुसेना के अधिकारी के खिलाफ ‘हत्या के प्रयास' का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर वायुसेना ने मंगलवार को राज्य प्रशासन को मामले में सहयोग देने की बात कही है। वायुसेना के मुताबिक, बेंगलुरु में बीते सोमवार को वायुसेना के एक अधिकारी से जुड़ा हुआ दुर्भाग्यपूर्ण मामला सामने आया है। जिसमें कानून के तहत उचित समाधान के लिए वायुसेना स्थानीय प्राधिकारियों को जांच में सहयोग कर रही है। उधर, सूत्रों ने बताया कि पुलिस की जांच खत्म होने के बाद वायुसेना, विंग कमांडर शिलादित्य बोस के संबंध में आंतरिक जांच यानी कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) करेगी। उसके लिए अधिकारी के तैनाती बेस के कमांडिंग अधिकारी (सीओ) द्वारा वायुसेना को सिफारिश किया जाना अनिवार्य है। बताते चलें कि यह पूरा मामला पिछले सोमवार सुबह का है। वायुसेना के अधिकारी ने खुद सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट कर जानकारी दी थी।

---

### एफबीआई निदेशक की टिप्पणी

## अमेरिका में आतंकवादी हरप्रीत की गिरफ्तारी मामले में न्याय होगा

भाषा ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई के निदेशक काश पटेल ने आश्वस्त किया है गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरप्रीत सिंह की अमेरिका में गिरफ्तारी के बाद ‘न्याय किया जाएगा'। सिंह उर्फ हैप्पी पासिया उर्फ जोरा को 18 अप्रैल को अमेरिका में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन के सैक्रामेंटो स्थित प्रवर्तन और निष्कासन अभियान द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

पंजाब में कई आतंकी हमलों के सिलसिले में वांछित है और उस पर पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी समूह बीकेआई के साथ सहयोग करने का आरोप है। भारतीय अमेरिकी पटेल ने सोमवार को ‘एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ‘हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वह अमेरिका में अवैध रूप से गतिविधियां चला रहे एक कथित विदेशी आतंकवादी गिरोह का हिस्सा था। हमारा मानना है कि वह भारत और अमेरिका दोनों में पुलिस थानों पर कई हमलों की साजिश रचने में शामिल था।' उन्होंने कहा कि एफबीआई सैक्रामेंटो ने स्थानीय और साथ ही भारत में हमारे भागीदारों के साथ समन्वय करके जांच की।''



- पंजाब में कई आतंकी हमलों के सिलसिले में वांछित हैप्पी उर्फ जोरा

---

### स्टैनफोर्ड विवि में केंद्रीय वित्त मंत्री बोलीं

## ‘विकसित भारत' की यात्रा आकांक्षा नहीं, बल्कि साझा राष्ट्रीय मिशन

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में अपने संबोधन के दौरान कहा है कि 2047 तक ‘विकसित भारत' बनने की देश की यात्रा महज एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि समावेशी, सस्टेनेबल और इनोवेशन से जुड़े विकास के दृष्टिकोण से संचालित एक साझा ‘राष्ट्रीय मिशन' है। भारत दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जो हमारी बढ़ती ताकत को दिखाता है। उन्होंने ‘विकसित भारत की नींव रखना, 2047 तक विकसित भारत' शीर्षक से अपने मुख्य भाषण के दौरान उपस्थित लोगों से कहा कि कोरोना महामारी और बैंकिंग संकट के बावजूद, पिछले एक दशक में हमारी प्रगति, मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादों और स्थिर सुधारों पर आधारित है, जो हमें आगे की राह के लिए आत्मविश्वास और दिशा प्रदान करती है।

#### भारत में शानदार काम



वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में किए गए कुछ काम शानदार रहे हैं, जिसका उदाहरण डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और इसकी सफलता है। डीपीआई का इस्तेमाल कर एक अरब से अधिक डिजिटल पहचान बनाई गई हैं। इनका इस्तेमाल कर लोगों के बैंक खाते बनाए गए और कोविड के दौरान एक बटन क्लिक करने के साथ सरकार ने पैसे ट्रांसफर किए।

---

### शनिवार को होगा पोप का अंतिम संस्कार

## वेटिकन ने शुरू की तैयारी, आज सुबह से होंगे सार्वजनिक दर्शन

एजेंसी ▶▶| रोम

पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह होगा। वेटिकन ने अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी है। ताबूत में लेटे पोप फ्रांसिस की पहली तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में पोप फ्रांसिस के पास वेटिकन राज्य सचिव प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। वेटिकन के मुताबिक पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। यह प्रक्रिया कार्डिनल्स कॉलेज के डीन कराएंगे।



#### नौ दिन बाद होगा नए पोप का चुनाव

पोप फ्रांसिस के निधन के बाद नौ दिन का शोक मनाया जाएगा। इस अवधि को नोवेन्डिएल कहा जाता है। नए पोप को चुनने की प्रक्रिया शुरू होगी। कुछ दिनों में दुनियाभर के कार्डिनल पापल कॉन्क्लेव के लिए रोम पहुंच जाएंगे। पोप का चयन कार्डिनल का प्रतिनिधिमंडल करेगा जो कैथोलिक चर्च के सबसे वरिष्ठ पादरी होते हैं।

---

## मुंबई : 26/11 के शहीद पुलिसकर्मी की विधवा को डीएसपी नियुक्त किया गया

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र सरकार ने 26/11 के आतंकवादी हमलों में शहीद हुए पुलिस कांस्टेबल अंबादास पवार की विधवा कल्पना पवार को मंगलवार को परिवीक्षाधीन पुलिस उपाधीक्षक नियुक्त किया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कल्पना की सीधी नियुक्ति को लेकर यह आदेश जारी किया। कल्पना पवार ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने आम नागरिक को न्याय दिलाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, ‘‘मेरे पति की तरह मुझे भी लोगों की सेवा करने का मौका मिला। मेरी नियुक्ति साबित करती है कि यह सरकार किसानों, मजदूरों, महिलाओं और देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने वालों की है।'' शहीद अंबादास पवार को वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया था। मुंबई में 26 नवंबर 2008 को आतंकी हमला हुआ था, जिसमें आतंकवादियों ने शहर में कई जगहों को निशाना बनाया था।

- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री सीधी नियुक्ति को आदेश जारी किया






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25